वर्ष 24, अंक 175, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 3 जनवरी 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नए साल के दूसरे दिन दिल्ली-NCR से हटी GRAP-3 की पाबंदियां



**नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** में आज (2 जनवरी) प्रदूषण स्तर में सुधार के मद्देनजर ऋ्रअढ-3 के तहत लगी पाबंदियां हटाई गईं. अब सिर्फ.ग्रैप 1 और 2 के तहत लगी पाबंदियां जारी रहेंगी. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मुताबिक, दिल्ली में अदक 1 जनवरी को 380 दर्ज किया था और इसमें आज (2 जनवरी) को सुधार देखा गया. 2 जनवरी की शाम 4 बजे ये 236 दर्ज किया गया. ऐसे में अदक में सुधार को देखते हुए ऋ्रअढ-3 की पाबंदियों को हटाने का फैसला लिया गया. स्टेज-3 तब लागू किया जाता है, जब एक्यूआई 401 से 450 के बीच पहुंच जाता है.

GRAP के अल-अलग स्टेज को समझें

दिल्ली-एनसीआर में खुले में कचरा अब भी नहीं जलाया जा सकेगा. इमरजेंसी की स्थिति में डीजल वाले जेनेरेटर चलाए जा सकेंगे. ग्रेप का पहला चरण अदक 201झ्र300, दूसरा चरण अदक 301झ्र400 और चौथा चरण अदक 450 के ऊपर लागू किया जाता है.

GRAP-3 की पाबंदियों में गैर-जरूरी कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन एक्टिविटीज को रोक दिया जाता है. स्टोन क्रशिंग और माइनिंग ऑपरेशन भी बंद कर दिए जाते हैं. वर्क फ्रॉम हो की सलाह जारी की जाती है. इसके साथ ही दूसरे राज्यों से दिल्ली आने वाली डीजल बसों पर भी रोक लगा दी जाती है.

GRAP-2 के दौरान क्या होता है?

गौरतलब है कि दिल्ली में जब प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगता है तब ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लागू किया जाता है. ग्रैप के दूसरे चरण की पाबंदियों में मुख्य सड़कों पर रोजाना मैकेनिकल स्वीपिंग और पानी का छिड़काव, निर्माण स्थलों पर सख्त जांच और धूल नियंत्रण उपाय, आपात सेवाओं को छोड़कर डीजल जेनरेटर के उपयोग पर प्रतिबंध , ट्रैफिक जाम कम करने के लिए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी, निजी वाहनों को कम करने के लिए पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे उपाय किए जाते हैं. इस दौरान दिल्ली में इलेक्ट्रिक, सीएनजी या बीएस-श्क मानक की डीजल बसों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाती है. आप लोगों से अपील की जाती है कि वो सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।

## केरल नए सवेरे के लिए तैयार, फिक्स्ड मैच वाली राजनीति जल्द खत्म होगी

**तिरुवनंतपुरम**

**तिरुवनंतपुरम** में हाल ही में हुए नगर निकाय चुनावों में मिली जीत को केरल में बड़े चुनावी विस्तार के लिए एक लॉन्चपैड के तौर पर पेश करने की बीजेपी की चुनावी रणनीति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए चुने गए मेयर को लिखे पत्र से बड़ा बढ़ावा मिला है। वीवी राजेश को लिखे पत्र में मोदी ने केरल के विरोधी राजनीतिक मोर्चों -- CPI(M) के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट -- पर तीखा हमला बोला और उन पर राज्य में "फिक्स्ड मैच" खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निकाय में बीजेपी की पहली जीत के बाद यह व्यवस्था खत्म होने वाली है।



प्रधानमंत्री ने लिखा, "LDF और UDF का फिक्स्ड मैच -- दिल्ली में दोस्त और केरल में दुश्मन -- अब खत्म होने वाला है। केरल उनके झूठे वादों से आजाद होना चाहता है।" CPI(M) के नेतृत्व वाला LDF अभी राज्य में सरकार चला रहा है, जबकि कांग्रेस UDF का नेतृत्व करती है। केरल में राजनीतिक विरोधी होने के बावजूद, ये दोनों राष्ट्रीय स्तर पर INDIA गठबंधन के तहत सहयोगी हैं।

प्रधानमंत्री ने तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में बीजेपी के सबसे बड़ी ताकत के रूप में उभरने को "युग बदलने वाला" बताया और हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के बाद राज्य की राजधानी में बीजेपी के सत्ता में आने पर राजेश, डिप्टी मेयर जीएस आशा नाथ और अन्य पार्टी नेताओं को बधाई दी। उन्होंने इसे बहुत गर्व और खुशी का पल बताया और इसे "सुनहरे अक्षरों में लिखा गया" एक मील का पत्थर बताया।

पीएम के अनुसार, तिरुवनंतपुरम में इतिहास रचा गया जब मेयर और डिप्टी मेयर ने शपथ ली, और कहा कि यह फैसला "केरल के लोगों, खासकर युवाओं और महिलाओं में, एक नए सवेरे के लिए तैयारी को दिखाता है"। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी के नेतृत्व वाला नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस "बिना किसी भेदभाव के राष्ट्रवाद, बिना भ्रष्टाचार के विकास और बिना तुष्टीकरण के शासन" पर आधारित एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है।

## रविवार को पेश होगा देश का आम बजट? वित्त मंत्री की चल रही है बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली**

केंद्रीय बजट 2026 1 फरवरी को पेश होने की उम्मीद है, जो रविवार को पड़ रहा है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। हालांकि संसद के बजट सत्र की तारीखें अभी औपचारिक रूप से घोषित नहीं हुई हैं, फिर भी सरकार द्वारा कार्यक्रम में बदलाव की संभावना कम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आठवां केंद्रीय बजट पेश करेंगी, जो स्वतंत्रता के बाद का



80वां बजट भी होगा। रिपोर्ट के अनुसार, वार्षिक बजट तैयारियों में तेजी से प्रगति हो रही है और 1 फरवरी को इसे पेश किया जाएगा। परंपरा के अनुसार, केंद्रीय बजट हर साल 1 फरवरी को पेश किया जाता है ताकि वित्तीय वर्ष की शुरूआत से ही संसदीय समीक्षा और कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त समय मिल सके। सप्ताहांत पर बजट पेश करना कोई नई बात नहीं होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025 का बजट शनिवार को पेश किया था, जबकि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2015 और 2016 के केंद्रीय बजट 28 फरवरी को पेश किए थे, दोनों ही शनिवार को।

## एक गठबंधन ऐसा भी! VBA को नहीं मिले उम्मीदवार

### कांग्रेस को लौटाई 16 सीटें



**मुंबई**

**मुंबई** में आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को एक बड़ी बाधा का सामना करना पड़ा है। प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) शहर में उसे आवंटित 16 सीटों के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने में विफल रही है।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के साथ सीट-बंटवारे की व्यवस्था के तहत, वीबीए को मुंबई में कुल 62 सीटें आवंटित की गई थीं। हालांकि, योग्य उम्मीदवारों की कमी और कई संभावित उम्मीदवारों के दस्तावेजों के अपूर्ण होने के कारण वीबीए इन 16 सीटों पर नामांकन दाखिल नहीं कर पाई। खबरों के मुताबिक, वीबीए ने कांग्रेस नेतृत्व को सूचित कर दिया है कि वह इन 16 सीटों पर चुनाव लड़ने में असमर्थ है और कांग्रेस इन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सकती है। इस घटनाक्रम के बाद, कांग्रेस ने मुंबई के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची मजबूत कर ली है।

कांग्रेस ने उम्मीदवारों की सूची बढ़ाई

अब तक, कांग्रेस ने मुंबई में 143 उम्मीदवारों की घोषणा की है। वीबीए 46 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा, गठबंधन की कुछ सीटें अन्य सहयोगी दलों जैसे वामपंथी समूहों और राष्ट्रीय समाज पार्टी (आरएसपी) को आवंटित की गई हैं। कांग्रेस, वीबीए और अन्य सहयोगी दल मिलकर कुल 195 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं।

## 15-20 साल में बनेंगे Global Leader- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अगले 15-20 वर्षों में भारत हथियारों के मामले में पूर्णतः आत्मनिर्भर हो जाएगा। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में स्टार्टअप्स की बढ़ती प्रवृत्ति की सराहना की। उदयपुर स्थित भूपाल नोबेल विश्वविद्यालय के 104वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज रक्षा क्षेत्र में कई स्टार्टअप्स सराहनीय कार्य कर रहे हैं। हमारे स्टार्टअप्स जो कुछ भी बना रहे हैं, वह जमीनी हकीकत के करीब है और वैश्विक मानकों को भी पूरा करता है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की प्रगति में सहायक हो सकने वाले नवाचारों के बारे में



समाज को जागरूक रहना आवश्यक है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि, वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत 2014 में 76वें स्थान से 2024 में 39वें स्थान पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय आय में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान भी बढ़ा है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। बदलती प्रौद्योगिकी के सार्वजनिक उपयोग के माध्यम से हम भारत की प्रगति को एक नई दिशा दे सकते हैं। हमें तेजी से विकसित हो रहे नवाचारों के बारे में निरंतर जानकारी रखनी चाहिए। आज कमी ज्ञान, डेटा या सूचना की नहीं, बल्कि बुद्धिमत्ता की है। आतंकवादी निरक्षर नहीं होते; उनके पास भी उच्च डिग्रियां होती हैं, लेकिन उनमें बुद्धिमत्ता की कमी होती है। जब विवेक के बिना ज्ञान होता है, तो व्यक्ति ऐसे तरीकों से काम करता है जो समाज के लिए विभाजनकारी होते हैं।

अपने भाषण का समापन करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, ह्लआज जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है, तो पूरी दुनिया ध्यान से सुनती है। 2047 तक, हमें एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा जो समृद्ध और बुद्धिमान दोनों हो।ह्व राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि आधुनिक भारत अपने प्राचीन अतीत और सांस्कृतिक परंपराओं को मान्यता देकर शक्ति और गौरव प्राप्त करता है। उदयपुर स्थित भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के 104वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, जिसका नाम मेवाड़ के महाराणा भूपाल सिंह जी के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने 1923 में इसकी स्थापना की थी।

## उन्नाव रेप केसः कुलदीप सेंगर की बेटी की अमित शाह को चिट्ठी,

### पीड़िता और उसके परिवार को मिले सुरक्षा



**उन्नाव**

**उत्तर** प्रदेश के उन्नाव से बीजेपी के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर बलात्कार के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं. उनकी बेटी ऐश्वर्या सेंगर ने गृहमंत्री अमित शाह को एक भावुक पत्र लिखकर रेप मामले में पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा की मांग की है. जिसके पीछे तर्क है कि पीड़िता लगातार सार्वजनिक रूप से आत्महत्या या हत्या की आशंका जता रही है.

पत्र में चिंता जाहिर करते हुए ऐश्वर्या ने लिखा कि पीड़िता बार-बार मीडिया और सोशल मीडिया पर बयान कर धमकी दे रही है कि कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत या फिर रिहाई हुई तो वह आत्महत्या कर लेगी. ऐश्वर्या ने शंका जाहिर की है कि यदि कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना पीड़िता या पीड़िता के परिवार के साथ हुई तो सारा आरोप उनके पिता पर मढ़ दिया जाएगा.

पत्र में पुरानी घटनाओं का जिक्र

ऐश्वर्या ने गृहमंत्री को लिखे पत्र में जिक्र किया कि 2018 में पीड़िता ने सीएम आवास के सामने आत्मदाह का प्रयास किया था, जिस पर मीडिया के दबाब में मुकदमा दर्ज हुआ और उसके पिता(कुलदीप सेंगर) को गिरफ्तार कर लिया गया. ऐश्वर्या ने 2019 की सड़क दुर्घटना का भी पत्र में उल्लेख किया, जिसमें पीड़िता घायल हुई थी और उसके रिश्तेदारों की मौत हुई थी. ऐश्वर्या ने बताया कि इस घटना में सीबीआई, IIT दिल्ली,उत्र्रछ और उफ्फ्क ने स्पष्ट रूप से दुर्घटना माना था. दिल्ली कोर्ट ने उन्हें बरी भी कर दिया उर कोई अपील भी नहीं हुई थी. लेकिन मीडिया उर पीड़िता का पक्ष आज भी उनके पिता पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाता है।

## भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य को बड़ी राहत, छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में मिली जमानत

**छत्तीसगढ़**

**छत्तीसगढ़** के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को छत्तीसगढ़ में कथित उत्पाद शुल्क घोटाले के संबंध में जमानत दे दी है। यह राहत प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज दोनों मामलों में दी गई है। कोर्ट से जमानत फाइनल चार्जशीट दाखिल होने के बाद मिली है। हाल ही में ईडी ने शराब घोटाले में फाइनल चार्जशीट दाखिल की थी।

चैतन्य बघेल को क्यों गिरफ्तार किया गया है?

चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को ईडी ने गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में कथित तौर पर राज्य के खजाने को ?2,161 करोड़ से अधिक का चूना लगाया गया था। एजेंसी उन्हें इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड बताती है, जिसमें कथित तौर पर रिश्वतखोरी, ऑफ-द-बुक बिक्री और लाइसेंस में हेराफेरी का एक नेटवर्क शामिल था।

## 2025 में कटे 300 करोड़ से ज्यादा के चालान

## गाजियाबाद में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी पड़ी भारी

**गाजियाबाद**

**गाजियाबाद** में साल 2025 में यातायात नियमों का उल्लंघन किए जाने पर ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है. जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 के बीच ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले लोगों के आंकड़े सामने आए हैं, जो न सिर्फ चौंकाने वाले हैं बल्कि यह भी दिखाते हैं कि नियमों की अनदेखी आम लोगों पर कितनी भारी पड़ रही है. साल 2025 में गाजियाबाद यातायात पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर करीब 300 करोड़ रुपये के



चालान काटे हैं.

गाजियाबाद के डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत साल 2025 में कुल 14,35,596 चालान किए गए है. यह आंकड़ा जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच की गई कार्रवाई को दशार्ता है. इन चालानों में सबसे अधिक संख्या दोपहिया वाहन चालकों की रही है, जो बिना हेलमेट के सड़कों पर चलते पाए गए. ऐसे मामलों में कुल 6,82,359 चालान किए गए जो यह दिखाता है कि हेलमेट को लेकर अब भी लापरवाही बरती जा रही है.

करोड़ो रुपए के चालन, जनता की जेब पर भी डाल रहे असर

इसके अलावा गलत दिशा यानी रॉन्ग साइड में वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस ने सख्ती दिखाई थी।

## योगी सरकार का फैसला, बजट खर्च में तेजी लाने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय

**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार (2 जनवरी) की सुबह वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की. बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा आवंटन, व्यय आदि की अद्धयावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतिकरण किया गया.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख 20 विभागों के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें और प्रदेशवासी इन योजनाओं का लाभ उठा सकें. मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट को समय से खर्च करने के लिए अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें.

अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय

उन्होंने कहा कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं. साथ ही बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो. इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग के अधिकारी तुंरत निर्णय लें. उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में देरी से समय से बजट व्यय नहीं हो पाता है. ऐसे में निर्णय लेने में तेजी दिखाएं.

विभागीय समन्वय और तत्काल बजट आवंटन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि



कुछ विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है. इसमें तेजी लाने के लिए विभागीय मंत्री और अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर हर माह बैठक करें. वहीं मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को निर्देश दिये कि जिन विभागों के आवंटन बजट के कुछ अंश को अभी तक किंहीं कारणों से जारी नहीं किया गया है, उन विभागों को तत्काल बजट आवंटित करें.

केंद्र सरकार से बजट प्राप्ति हेतु दिल्ली में पैरवी

उन्होंने सभी प्रमुख 20 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों को विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट जारी किया जाता है. इसके लिए विभाग के मंत्री, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से बजट जारी करने के लिए पैरवी करें. इसके साथ ही केंद्र सरकार को पत्र लिखें और फोन से फालोअप करें. इसको लेकर मुख्य सचिव भी इनोसेटिव लें. मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय को निर्देश दिये कि जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, उनको चिन्हित करें और उनके विभाग के मंत्रियों को मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से पत्र जारी करें.

वित्तीय वर्ष 2026-27 के आगामी बजट की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बैठक में वित्त विभाग को निर्देश दिये कि आगामी अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर अभी से सभी विभागों के साथ बैठक कर बजट मांग की समीक्षा करें. उन्होंने कहा कि आगामी बजट को विभाग आवंटित करने से पहले उनके पिछले पांच वर्ष के खर्च के आकंलन की समीक्षा करें।

# माघ मेला के दृष्टिगत सड़कों पर किसी भी प्रकार के न हो अतिक्रमण : एसीपी थरवई अरुण पाराशर

- मेले के दृष्टिगत बनाये गए हर प्वाइंटों पर पुलिस कर्मी होंगे तैनात
- आने वाले श्रद्धालुओं के साथ हो अच्छा व्यवहार : जरुरत पड़ने पर बातएं सही मार्ग

**अखंड भारत संदेश**





**थरवई।** संगम नगरी प्रयागराज को तीर्थों का राजा कहा जाता है। प्रायगराज एक धार्मिक, ऐतिहासिक हर रूपों में प्रसिद्ध है जहां पर कुम्भ, अर्द्धकुम्भ व महाककुम्भ जैसे भव्य मेले का आयोजन होता है। जहां तीनों नदियों गंगा, यमुना व सरस्वती तीनों नदियों का संगम होता है। जिसे त्रिवेणी के नाम से भी जाना जाता है। प्रयागराज को तीनों के मिलने पर जो संगम होता जिसे हम संगम नगरी के नाम से भी जानते हैं जहां अपने भारत देश के आलावा विदेशियों का भी संगम स्नान के लिए आते हैं। संगम नगरी बड़ा ही प्रसिद्ध एवं धार्मिक स्थल माना जाता है जहां पर दूर - दूर से लोग दर्शन करने के लिए आते। वहीं आज एक बार पुनः बड़े ही भव्य मेले शुरू हो रहा जिसमें पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख स्नान पर्व पड़ेंगे। जिसको दृष्टिगत रखते हुए मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार को असुविधा न हो एवं सड़कों पर जाम की समस्या न हो, सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन हेतु शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गंगानगर जोन अंतर्गत यातायात नियंत्रण, मेले के दृष्टिगत बनाये गए प्वाइंट्स का डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत, एसीपी थरवई अरुण पाराशर द्वारा निरंतर हर बिंदुओं पर एवं प्रमुख चौराहों, बाजारों व यातायात आदि का निरीक्षण करते रहे। एसीपी थरवई अरूण पाराशर ने बताया की थाना थरवई क्षेत्र अंतर्गत गारापुर, भोपतपुर सहित अन्य आने जाने वाले मार्ग एवं थाना सरायाइनायत अंतर्गत बनाये गए प्रमुख - प्रमुख प्वाइंटों एवं थाना फाफामऊ क्षेत्र अंतर्गत बाजारों में सड़कों पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण न हों सड़कें खाली रखें दुकाने व्यवस्थित स्थान पर हों सड़क पर दुकानें ना हों जिससे आने - जाने वाले श्रद्धालुओं को समस्या न हों, फाफामऊ बाईपास, पुल व नीचे से आवागमन के लिए बनाये गए पीपापुल आदि का जायजा लेते रहे। वहीं यह भी बताया की यातायात अव्यवस्थित ना हों शांति व्यवस्था को लेकर समुचित पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है जो सभी पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी को निभा रहे। वहीं स्वास्थ्य चिकित्सीय वसेवाएं, एम्बुलेंस सेवाएं एवं पुलिस आपात सेवाएं भी व्यवस्थित हैं जिससे किसी भी प्रकार से जरूरत पड़ने पर उपलब्ध रहेंगी। एवं आने वाले श्रद्धालुओं के साथ हो अच्छा व्यवहार, जरूरत पड़ने पर उन्हें सही मार्गदर्शित करें। बाजारों में अवैध अतिक्रमण पर भी नियंत्रण रखा जाएगा, फाफामऊ पुल, बाजार आदि जगह यातायात सुचारु रूप से चलने हर जगह पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यवस्थाएं होंगी। वहीं प्रमुख स्नान पर्व पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स की व्यस्थाएं की गई हैं।

# परवेजाबाद गांव में बिजली बिना दर्जनों घर अंधेरे में रहने पर हैं मजबूर

- मुसहर बस्ती में नही जली आजतक बिजली
- सरकार की सौभाग्य योजना की बिजली नही पहुँची गरीब के घर,जिम्मेदार मौन



**बारा प्रयागराज।** क्षेत्र में ऐसी बस्ती आज भी है जहाँ पर बिजली नही पहुँच सकी, समाज सेवी से लेकर ग्रामीण मांग करते रहे लेकिन घरो में अंधेरा ही कायम रहा।सरकार ने जब से प्राइवेट कम्पनियो को बिद्युती करण का ठीका दिया तब से उन्ही गांव के घरों तक बिजली पहुँची जिसकी मजबूत पकड़ थी,सौभाग्य योजना के द्वारा गांवो में सर्वे करके हर घर बिजली पहुँचाने का कार्य प्राइवेट बिजली कम्पनी को दिया जिससे कम्पनी ने जमकर मनमानी तरीके से अपना काम किया जिसकी वजह से आज तक परवेजाबाद स्कूल से के पास,राम सनेही शर्मा, गुलजार चौधरी, सुभाष धुरिया, छेदी आदिवासी, पुष्पराज सिंह के घर तक आज भी विद्युतीकरण नही हो सकी,इसी तरह भाजपा कार्यकर्ता शिवेंद्र सिंह ने कई बार परवेजा बाद के 25 घर मुसहर बस्ती, के घरो के लिए बिजली की बिद्युती करण करने की मांग किए, लेकिन नतीजा शून्य निकला, इसी तरह घूरी गांव के तालाब बस्ती पर दिवाकर मिश्र के डेरा से लेकर भंडारी, कल्लू भारतीया के बस्ती तक बिजली नही पहुँच सकी है,मांग के बाद प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी सर्वे के नाम पर घूम कर आ जाते है इसी तरह करते वर्षो बीत गया गरीब आज भी रात अंधेरे में बिताने पर मजबूर है।इनके घरों में कब बिजली जलेगी किसी को नही पता सिर्फ गरीब आस लगाए बैठे है कि हमारे घर मे कब तक होगा बिजली का उजाला।

## रोजगार सेवक की पत्नी के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक

**सहसों।** ग्राम पंचायत सहसों में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत सहसों निवासी अरुण कुमार पांडे की पत्नी पूजा पांडे उम्र लगभग 32 वर्ष का गुरुवार सायंकाल असामयिक निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं तथा उनका उपचार चल रहा था। उनके अचानक निधन की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, ग्रामवासी, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों अधिवक्ता प्रेमचन्द पांडे, डॉ कृष्ण चंद्र पांडे, कलेक्टर पांडे सहित अन्य परिवारजनों को ढांढस बंधाया और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से चंद्रधर द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, अनुराग सिंह अन्नू, ठाकुर सत्यम सिंह चंदेल, राजू तिवारी, मनोज कुमार सिंह, रमाशंकर पांडे, जयराम सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# तहसील बारा में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

## सात शिकायती पत्र का मौके पर हुआ निस्तारण



**अखंड भारत संदेश**

**बारा, प्रयागराज।** शनिवार को तहसील बारा के सभागार में एडीएम आपूर्ति विजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आई 188 शिकायती पत्रों में से राजस्व विभाग से संबंधित 07 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया है।

समाधान दिवस में गौहनिया निवासी ज्ञान चंद साहू ने जोरवट स्थित भूमि की पैमाइश कराने के लिए शिकायती पत्र दिया। नौढ़िया तरहार के धर्मेंद्र शुक्ला ने रास्ता और बंजर की भूमि पर से कब्जा हटाने के लिए पुनः शिकायती पत्र दिया। ग्राम पंचायत भेलांव की प्रधान चंद्र कली ने ट्रांसफार्मर बदलने के लिए कहा। तेलघना के रवि शंकर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि रास्ता बनवाने के लिए बार बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद निस्तारण नहीं हो रहा है। समाधान दिवस प्रभारी ने सभी शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को भेजने का निर्देश दिया।इस अवसर पर एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम, तहसीलदार रोशनी सोलंकी, नायब तहसीलदार शंकरगढ़ राकेश कुमार यादव, एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव, अधीक्षक सीएचसी जसरा अंकिता पांडेय सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# छिड़ी ग्राम सभा के ग्रामीणों ने वर्षों से पशुबाड़ा की करते रहे मांग, जिम्मेदार जिम्मेदार किए नजरअंदाज

- मुख्यमंत्री,विधायक से लेकर खण्ड बिकास अधिकारी से कर चुके मांग, नतीजा शून्य

**अखंड भारत संदेश**



**बारा प्रयागराज।** बारा क्षेत्र के छिड़ी ग्राम के ग्रामीणो ने बेसहारा पशुओं से आजिज होकर वर्षो से पशुबाड़ा बनाने की मांग की थी। पूर्व में क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री मती विद्योत्मा मिश्रा ने मुख्यमंत्री पोर्टल,बारा विधायक, जिलाधिकारी प्रयागराज से लेकर खण्ड विकास अधिकारी जसरा से एक पशुबाड़ा बनाने की मांग की थी। नतीजा आज तक शून्य रहा।ग्रामीणों का कहना है पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से पशु फसल को चट कर जाते है।कहा तक किसान फसल की रखवाली करेगा।आशीष मिश्रा ने तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र के माध्यम से पशुबाड़ा बनाने की कई बार मांग किया।उनका कहना है।सरकार सभी ग्राम सभा मे गो आश्रय स्थल बनाने का स्पस्ट आदेश दे रखी है,फिर भी गांव के जिम्मेदार के अनदेखा करने से ग्रामीणों की फसल सुरक्षित नही है।गांव के बिकास के लिए ग्रामीण जनप्रतिनिध चुनते है कि गांव का समग्र विकास होगा।लेकिन इस गांव की क्षेत्र पंचायत सदस्य जब मुख्यमंत्री से लेकर तहसील समाधान दिवस पर गौशाला बनाने की मांग वर्षो से कर रही है तो इसी से गांव कितना बिकास किया होगा इसी से अंदाजा लगा सकते है।

आशीष मिश्र,मण्डल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मनकामेश्वर मण्डल लालापुर, हिमांशु मिश्र, विजय राज प्रजापति, दिवाकर शुक्ल, नीरज शुक्ल मनकामेश्वर मण्डल कोषाध्यक्ष, सत्ते शुक्ल, गुड्डू जादूगर, लक्ष्मण सोनकर आदि लोगों ने मांग किया है कि एक पशुबाड़ा गांव में जल्द बनवाया जाय ताकि किसानो को बेसहारा पशुओं से छुटकारा मिल सके।

# मंदिरों में नांद मंदिरों में नांद गूंजे, मस्जिद अजान किंतु...

- हम हिंदुस्तानियों की बंदगी है मेरा देश : कवि प्रशांत सीतामढ़ी
- कोरांव महोत्सव के दूसरे दिन कवियों ने किया मंच पर काव्य पाठ




**पसना।** कोरांव कस्बे में चल रहे 24 में कोरांव महोत्सव का दूसरा दिन कवि सम्मेलन के नाम रहा। गौरतलब है कि विगत 23वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा कोरांव महोत्सव यमुना पार का एक प्रमुख आयोजन है। आज के आयोजन के मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व अपर महाधिवक्ता एवं भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी की मौजूदगी में मंच पर कवियों ने अपने हास्य प्रेम श्रृंगार एवं वीर रस की कविताओं से उपस्थित श्रोताओं को पूरी तरह से साहित्य रस से सराबोर कर दिया। कवि सम्मेलन का आगाज प्रतापगढ़ से पधारी कवयित्री प्रीति पांडे ने मां वीणावादिनी की वंदना हे मां हृदय में प्रेम का पावन विहान दो से किया।बाराबंकी से आए कवि संजय सांवरा ने भी अपने प्रेम गीतों का माध्यम से दर्शकों को वाह वाह करने पर मजबूर कर दिया। सीतामढ़ी बिहार से आए मेहमान कवि प्रशांत बजरंगी ने अपनी ओजपूर्ण कविताओं से उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। मंच पर उपस्थित कवियों में प्रमुख रूप से हास्य वंश के प्रमुख हस्ताक्षर अमित शुक्ला रीवा अजय प्रधान बाराबंकी विपिन बिहारी मिश्रा एवं स्थानीय सुशील शुक्ला हर्ष कृष्णकांत कामिल बबलू सिंह बहियारी ने भी अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं का ध्यान आकर्षित कराया। कवि सम्मेलन का सफल संचालन यमुना पार की माटी के लाल हास्य व्यंग्य के पुरोधा कवि अशोक सिंह बेशरम ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा यमुना पार के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, अपार शासकीय अधिवक्ता ज्ञान नारायण कनौजिया अनिल मिश्रा जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे मेजा से पधारे अमरेश तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तुलसीदास राणा राजेश त्रिपाठी भाजपा नेता रामेश्वर द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख मुकेश कॉल एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति व पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# समाजसेवी सचिन तिवारी ने धनूपुर क्षेत्र में जलवाया अलाव




**धनूपुर।** युवा पंचायत क्रांति द्वारा धनूपुर अलाव सेवा के तहत इस हाड़ कंपाती ठंड एवं भीषण कोहरे से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाने हेतु निःशुल्क लकड़ी वितरण एवं क्षेत्र के भीड़ भाड़ बाजारों एवं गांवों में समाजसेवी सचिन तिवारी धनूपुर द्वारा अलाव जलवाया गया है। सचिन तिवारी ने बताया कि अलाव सेवा शुरू हो चुकी है कड़ाके की इस ठंड में आम लोगों को राहत देने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर लकड़ी के ब्लॉक्स के साथ अलाव की व्यवस्था प्रतिदिन की जा रही है आने वाले दिनों में हम अधिक से अधिक जगहों तक पहुंचेंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर सर्दी में बड़े स्तर पर, निरंतर अलाव सेवा पहुंचाना है यह तभी संभव है जब सरकार और समाज साथ आएं और जनता ऐसे नेतृत्व को चुने जो सिर्फ. बोले नहीं, काम करे। यह सेवा निरंतर जारी रखना किसी अकेले के बस की बात नहीं, हम रास्ता बना रहें हैं, चलना सभी को साथ होगा। और जब कोई सामने नहीं आया, तब युवा पंचायत क्रांति आगे आया, युवा पंचायत क्रांति का स्पष्ट मानना है कि हर समय समाज में बने रहने से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि जरूरत के समय उनके लिए खड़े होना। आज के दौर में जब ज्यादातर लोग सिर्फ बयान और वादों तक सीमित रह जाते हैं, युवा पंचायत क्रांति ने जिम्मेदारी समझी और अलाव सेवा के माध्यम से जमीन पर उतरकर काम किया, यह सेवा किसी प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि जब व्यवस्था मौन हो, तब समाज के प्रति जिम्मेदारी निभानी पड़ती है।

# माघ मेले में सुविधाओं से भरपूर हैं हाईटेक शिविर मेले में दिखने लगी धर्म और अध्यात्म की झलक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर तीन जनवरी शुरू हो रहे माघ मेला क्षेत्र में तंबुओं का शहर लगभग आबाद हो चुका है। पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व के साथ ही माघ मेले की औपचारिक शुरूआत और कल्पवास शुरू हो जाएगा। माघ मेले देश के कोने-कोने से साधु -संत भी पहुंचने लगे हैं। जिनके भगवा थीम पर के पंडाल तैयार किए गए हैं। कुछ में काम तेजी से चल रहा है। वहीं कई साधु-संतों के शिविर भी पूरी तरह से हाईटेक बनाए गए हैं। माघ मेला क्षेत्र के इन शिविरों में पहुंचने पर ऐसा लग रहा है कि किसी फाइव स्टार होटल में आ गए हैं। ओल्ड जीटी रोड पर बसाए गए दंडी बाड़ा में अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज का शिविर अपने आप में अनूठा है। इस शिविर में पेड़-पौधे लगाए गए हैं। वही फर्श पर मखमली कालीन बिछी है। शिविर में पूरी तरह से धर्म और अध्यात्म की झलक देखने को मिल रही है। बाहर ही नवग्रह के बने चित्र में ग्रहों और देवी देवताओं की स्थिति को दर्शा रहा है। अंदर की ओर बैठक कक्ष तैयार किया गया है। जिसमें एक कोने में देवी देवताओं को स्थापित किया गया है। बैठक कक्ष में ही दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी का आसन लगाया गया है। उसके पीछे श्रीयंत्र स्थापित किया गया है। जबकि आसन के ठीक ऊपर आदि गुरु शंकराचार्य की तस्वीर लगाई गई है। इस शिविर में स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज का शयन कक्ष भी हाईटेक तरीके से बनाया गया है। इसमें भी चारों तरफ अंदर पीले रंग के कपड़े का प्रयोग किया गया है। कल्पवास में भूमि पर शयन किया जाता है। इसलिए कालीन पर ही सोने के लिए बिस्तर लगाया गया है। इस शयन कक्ष में टेलीविजन भी लगाया गया है। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज के मुताबिक वह लोग माघ महीने में आकर देश और दुनिया से कट जाते हैं। लेकिन यहां धर्म अध्यात्म और भक्ति के साथ ही देश दुनिया की खबरों से जुड़े रहें इसलिए यहां पर टेलीविजन भी लगा रखा है। उनके मुताबिक धर्म भक्ति से बड़ी राष्ट्रभक्ति है। इसलिए वह राष्ट्र से भी जुड़े रहना चाहते हैं। उनके मुताबिक माघ मेले की व्यवस्था योगी सरकार ने मिनी कुंभ की तर्ज पर की है। शिविरों में तमाम व्यवस्थाएं सरकार की ओर से दी जाती हैं लेकिन जो व्यवस्थाएं सरकार से नहीं मिलती है व संत खुद जुटाते हैं। स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज के मुताबिक इस बार माघ मेले में 75 वर्षों के बाद अद्भुत संयोग बन रहा है। जबकि सूर्य मकर राशि में अपने ही दिन यानी रविवार को प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में इस बार माघ मेले में स्नान,दान और कल्पवास का विशेष महत्व है। स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज का श्रद्धालुओं से कहना है कि जो लोग महाकुंभ में नहीं आ पाए वह इस माघ मेले में आकर पुण्य के भागी बन सकते हैं।









## फाइनल मैच के रोमांचक मुकाबले में जीत कर महर्षि विद्या मंदिर ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

अखंड भारत संदेश

**फाफामऊ।** देव स्पोर्ट्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे हैं न्यू वरदान हॉस्पिटल 5 मैचों की सीरीज का शुक्रवार फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें महर्षि विद्या मंदिर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बैटिंग करने उतरी देव स्पोर्ट्स की टीम निर्धारित 35 ओवर के मैच में 31.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 154 बन पाई जिसमें अमन सिंह 43 रन सुशांत सिंह पटेल 27 रन आकाश पटेल15 रन वहीं गेंदबाजी में श्रेयायू 3 विकेट विपुल 3 विकेट वर्ष गुप्ता 2 विकेट लेने में कामयाब रहे वहीं बल्लेबाजी करने उतरी महर्षि विद्या मंदिर की टीम 34.5 ओवर 8 विकेट खोकर 155 बनाकर न्यू वरदान हॉस्पिटल क्रिकेट सीरीज का खिताब 3 / 2 से अपने नाम किया। जिसमें आशुतोष प्रताप सिंह 35 रन श्रेयायू 29 रन विपुल 27 अरमान 16 रन वर्ष गुप्ता 10 रनो का योगदान रहा वहीं देव स्पोर्ट्स की तरफ से गेंदबाजी में देव यादव 2 विकेट वेद प्रकाश यादव 2 विकेट लेने में सफल रहे इस मैच के मैन ऑफ द मैच न्यू वरदान हॉस्पिटल के ओनर विमल यादव जी के द्वारा विपुल को दिया गया इस सीरीज के बेस्ट बल्लेबाज अमन सिंह बेस्ट गेंदबाज नीरज भारतीय बेस्ट विकेट कीपर अरमान प्लेयर ऑफ द टूनामेंट वर्ष गुप्ता को दिया गया। इस फाइनल मैच के मुख्य अतिथि रमाकांत मिश्रा (देव दुर्गा पेट्रोल पंप के ओनर) विमल यादव ( न्यू वरदान हॉस्पिटल ) टूनामेंट आयोजन रामचंद्र प्रजापति सौरभ मिश्रा, राजेश यादव, विकास यादव, लालमणि यादव, सुनील कुमार प्रजापति, विवेक यादव विशाल पटेल अंपायर अनुभव यादव एवं रणवीर शर्मा स्कोरर सनी सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

## माघ मेला में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए डिजिटल पहल मेला सेवा एप के माध्यम से प्रशासन से जोड़ने की अभिनव पहल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** संगम की रेती पर तीन जनवरी शुरू हो रहे माघ मेला 2026 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र में विद्युत पोलों पर क्यू०आर० कोड आधारित सुविधा प्रणाली लागू की गई है। यह व्यवस्था मेला सेवा एप के माध्यम से श्रद्धालुओं को सीधे प्रशासन से जोड़ने की एक अभिनव पहल है। मेला क्षेत्र में लगाए गए 15500 विद्युत पोलों पर लगे क्यू०आर० कोड को स्कैन करते ही श्रद्धालुओं के मोबाइल पर एक ऑनलाइन फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में श्रद्धालु अपना नाम, मोबाइल नंबर और सुरक्षा कोड भरकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं या आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। खास बात यह है कि मेला अवधि में लाउडस्पीकरों के शोर के कारण फोन पर शिकायत करना कठिन हो जाता है, ऐसे में क्यू०आर० कोड के माध्यम से 24७7 संचालित कंट्रोल रूम तक डिजिटल रूप से शिकायत पहुंचाई जा सकती है, जिससे त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा। क्यू०आर० कोड स्कैन करने पर श्रद्धालु अपनी सही लोकेशन प्रशासन के साथ साझा करते हुए तत्काल सहायता प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक विद्युत पोल पर संबंधित सड़क का नाम, सेक्टर का नाम और गूगल कोड (जी-कोड) अंकित किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को हर समय अपनी स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी। हर 25 मीटर के अंतराल पर लगे विद्युत पोलों पर उपलब्ध क्यू०आर० कोड के माध्यम से अस्पताल, पुलिस चौकी, घाट, पार्किंग और जन-आश्रय स्थलों की सटीक जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। क्यू०आर० कोड स्कैन करते ही मेला क्षेत्र का विस्तृत नक्शा भी उपलब्ध होगा। साथ ही यदि कोई परिचित या संबंधी खो जाता है, तो उसके नजदीकी विद्युत पोल पर लिखे गूगल कोड के माध्यम से गूगल मैप पर उसकी लोकेशन का पता भी लगाया जा सकता है। पार्किंग के समय नजदीकी पोल का जी-कोड नोट कर लेने से लौटते समय उसी स्थान पर आसानी से पहुंचा जा सकता है। सभी पोलों की यूनिक नंबरिंग होने से केवल पोल नंबर बताने से सही लोकेशन तुरंत मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त मेला हेल्पलाइन नंबर 1920 को भी और वृहद रूप में फिर से संचालित किया गया है जिसके माध्यम से लोग कंट्रोल रूम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## आयु सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर करछना विधायक की मुख्यमंत्री से मुलाकात

अखंड भारत संदेश

**करछना प्रयागराज।** प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों की आयु सीमा बढ़ाने की मांग को लेकर प्रयागराज की करछना विधानसभा सीट से विधायक पीयूष रंजन निषाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी और जेल वार्डर भर्ती में अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की विशेष छूट देने की मांग की गई है। यह मांग विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों के लिए की गई है, जो वर्ष 2018 की अंतिम भर्ती में सम्मिलित हुए थे और वर्तमान में आयु सीमा पार कर चुके हैं।

विधायक पीयूष रंजन निषाद ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि कोविड-19 महामारी और प्रशासनिक कारणों से लंबे समय तक भर्ती प्रक्रियाएं बाधित रहीं, जिसके चलते बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थी आगामी भर्तियों से वंचित होने की स्थिति में हैं।

विधायक ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इन अभ्यर्थियों को आयु सीमा में विशेष छूट देने का आग्रह किया, ताकि प्रदेश के लाखों युवाओं को इसका लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विषय को गंभीरता से सुनते हुए इस पर विचार कर उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।



## तीन आधार कार्ड से 697 कार्डधारकों को राशन की ब्लैक मार्केटिंग की आरोपी लाइसेंसी को राहत नहीं

**जिलाधिकारी गाजियाबाद का आदेश हाई कोर्ट ने बरकरार रखा,**

**अगस्त 2018 में दर्ज कराई गई थी एफआइआर**

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सिर्फ तीन आधार कार्ड का उपयोग कर 697 राशन कार्डधारकों के लिए राशन देकर ब्लैक मार्केटिंग का गंभीर मामला पाते हुए उचित मूल्य की दुकान का लाइसेंस रद किए जाने संबंधी जिलाधिकारी गाजियाबाद का आदेश बरकरार रखा है।न्यायमूर्ति अरुण कुमार की एकलपीठ ने हाल ही में याची शाहीन बेगम की याचिका खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि दुकानदार ने इस बात का कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया कि कैसे केवल तीन आधार कार्ड का उपयोग करके इतने सारे राशन कार्डधारकों के लिए राशन दिया गया? आरोपों का जवाब ठोस सबूत के साथ नहीं है।

कोर्ट का कहना था कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह पता चले कि याची की तरफ से दायर 162 कार्डधारकों का शपथपत्र जिसमें जरूरी सामान मिलने की बात है, वे इन्हीं 697 कार्ड होल्डर्स के हैं, जिनके नाम से राशन निकाला गया है। जांच में पता चला कि एक आधार कार्ड का इस्तेमाल कई कार्डधारकों के नाम से राशन निकालने के लिए किया जा रहा था। याची व 21 अन्य लोगों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत खोडा थाने में एफआइआर दर्ज की गई थी। कोर्ट ने कहा, ₹केंद्र और राज्य सरकारों की पूरी कोशिश यह है कि सही कार्डधारकों के लिए जरूरी चीजों की चोरी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और लाभार्थी के बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल कर कम की जाए। याची ने सक्षम अधिकारी के 10 जनवरी 2019 के उस आदेश को चुनौती दी थी , जिसमें उसकी डीलरशिप रद कर दी गई थी। उस आदेश को भी चुनौती दी गई थी, जिसमें अपील खारिज कर दी गई। याची का दावा था कि 27 अगस्त 2018 को सप्लाई इंस्पेक्टर द्वारा एकतरफा जांच कर एफआइआर दर्ज कराई गई। जिला आपूर्ति अधिकारी ने 31 अगस्त 2018 के आदेश से उसकी दुकान को निलंबित कर दिया था। इस आदेश में कहा गया था कि तीन आधार कार्ड नंबर 631611332364, 337984158743 और 351348884560 का उपयोग कर आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी की गई। याचिकाकर्ता को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। किंतु उपयुक्त सफाई न दे पाने के कारण दूकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया था।

## जाति में न बटें हिंदू, हम सब हिंदू एक हैं : सुनील प्रांत प्रचारक

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन प्राचीन श्री हनुमान मंदिर प्रतापपुर प्रांगण में किया गया जिसके मुख्य वक्ता काशी प्रांत के सह प्रांत प्रचारक सुनील रहे उन्होंने हिंदू जागरण के लिए आह्वान किया कहा कि आज संपूर्ण भारत की जनसंख्या वृद्धि दर दो दशमलव एक है परंतु हिंदुओं की जनसंख्या वृद्धि एक दशमलव सात है जो कि विचारणीय है। आज देश की डेमोग्राफी बदल रही है भारत देश के जिस भूभाग से भारत माता की जय बोलने वाले कम हो गये वह भूभाग हमारे देश से अलग होता चला गया। हमारा देश अफगानिस्तान से लेकर बर्मा, इंडोनेशिया तक फैला हुआ था परंतु आज जात-पात में बंटने से भारत मां कई खंड में विभाजित हो गई हैं। हिंदू तन मन हिंदू जीवन इस भाव की आज आवश्यकता है हम संगठित हों, शिक्षित हों, बलवान हों, धैर्यवान हों एवं चरित्रवान होने के साथ हमें राष्ट्रीय चरित्र की भावना से ओत प्रोत होना चाहिए। मुख्य अतिथि अनंत विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य हरिद्वार संत स्वामी दिलीप योगीराज ने कहा कि आज हम सबको सनातन जीवन में जात-पात के बंधन से ऊपर उठकर राष्ट्र को सुखी और समृद्धिशाली बनाने के लिए राष्ट्रीय भावना से राष्ट्रहित का कार्य करना चाहिए राष्ट्रहित का कार्य हिंदू जनमानस करता है हम सबको अपने भाइयों को एक सूत्र में बांधकर चलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक जयसवाल ने किया विशिष्ट अतिथि कौशलेंद्र एवं राम आश्चर्य चौहान रहे संचालन कार्यक्रम संयोजक संजय ने किया। इस अवसर पर जिला प्रचारक प्रेम सागर, हृदयनाथ, हरिभूषण सिंह, अखिलेश, धर्मेंद्र, मनोज आचार्य, अच्छे लाल पटेल, सुशांत, सतीश केसरवानी, राजेंद्र सिंह, सभाजीत मिश्र, कमला प्रसाद पांडेय, आशुतोष तिवारी, प्रदीप बिंद, रामधारी सरोज, राज कुमार पटेल, राघवेंद्र तिवारी, रितेश, दीपिका सिंह, मनीलाल भारतीय, कालूराम यादव, विदेशी गौतम, रमेश दुबे, रामचंद्र यादव, रामअवध यादव, सतीश मिश्रा, सुनील भारतीय सहित तमाम हिंदू जनमानस मौजूद रहे।

## सेहरा बीज भंडार में रवी गोष्ठी, किसानों को दी गई नई तकनीक की जानकारी

**कौंधियारा।** विकास खंड अंतर्गत राजकीय बीज भंडार सेहरा पर कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता अभियान के तहत रवी गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन संजय वर्मा ने किया, जबकि अध्यक्षता कृषक उत्थान सेवा समिति के सचिव अरुण त्रिपाठी ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में अरुण त्रिपाठी ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। देश की लगभग 75 प्रतिशत आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा एवं रोजगार उपलब्ध कराने में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसानों के विकास के बिना विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी है।

उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए मृदा उर्वरता संरक्षण, नई तकनीक और शोध की जानकारी किसानों तक पहुंचाना आवश्यक है, इसी उद्देश्य से ऐसी गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है। बीज गोदाम प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने लाभदायक खेती के लिए पोषक तत्वों की कमी के लक्षण पहचानने और उर्वरकों के सही उपयोग पर जोर दिया। तकनीकी सहायक उमेश यादव ने कृषि यंत्रों, बीज व कीटनाशकों पर मिलने वाले सरकारी अनुदान तथा मृदा जांच की जानकारी दी। ऑपरेटर राजकुमार पांडेय ने फार्मर रजिस्ट्रेशन योजना की जानकारी देते हुए कई किसानों का पंजीकरण भी कराया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान व महिलाएं मौजूद रहीं।



## सड़क हादसे में युवक की मौत

**माघ मेले से लौटते समय तीन पहिया वाहन ने मारी टक्कर**



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के पटहारी टोला के पास गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक देवेश कुमार की जान चली गई। सरायइनायत के चंदौहा गांव निवासी देवेश माघ मेले में एक ठेकेदार के अधीन काम करता था। देर रात काम खत्म कर बाइक से घर लौटते समय पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित तीन पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि देवेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल ले गई, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवेश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और दो बहनों का अकेला भाई था। पूरे परिवार का भरण-पोषण उसी की कमाई पर निर्भर था। उसकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी रेशमा और माँ बचनी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे एक छोटा बेटा अध्यान छोड़ गया है।

### शंकरगढ़ बॉर्डर पर पुलिस का सख्त पहरा, हर वाहन रडार पर

**शंकरगढ़।** माघमेला एवं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। इस कार्रवाई में एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और पुलिस बल के साथ स्थिति का जायजा लिया।थाना प्रभारी शंकरगढ़ यशपाल सिंह ने बताया कि बॉर्डर से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की गहन जांच की जा रही है। ओवरलोडेड ट्रक, बिना वैध कागजात वाले वाहन तथा संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों को तत्काल रोका जा रहा है और उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों एवं अनाधिकृत पार्किंग को पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## लोहगरा गांव ने गजापुर को दस रन से हराकर जीता उद्घाटन मैच

**आपसी भाई चारे को बढ़ाता है खेल भावना - पंकज केसरवानी**



**बारा प्रयागराज।** सेहुंडा में आयोजित एसपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुकाबला लोहगरा गांव और उमापुर के बीच खेला गया। टास हारकर बल्लेबाजी करने उतरी लोहगरा गांव की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 71 रन बनाए जिसमें बाबा शुक्ला ने 26 रन बनाए और दो विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गजापुर की टीम निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 61 रन ही बना पाई, जिसमें सर्वाधिक योगदान आशुतोष ठाकुर का रहा, विजई टीम की ओर से पुष्पेंद्र यादव ने तीन ओवर में महज सात रन देकर पांच विकेट चटकाया, उन्हें मैन ऑफ मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि जय मां शारदा मिनी राइस मिल के संचालक समाजसेवी पंकज केसरवानी ने फीता काट कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया, अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, उन्हें सही मंच और सहयोग की आवश्यकता है, आगे होने कहा कि इस बड़े आयोजन से गांव की छिपी प्रतिभाएं उभर कर आएंगी। टूनार्मेंट के पहले दिन अंपायरिंग की जिम्मेदारी राहुल पाल एवं साहुल विश्वकर्मा ने किया। जबकि कॉमेंटेटर अविनाश त्रिपाठी व स्कोरर हिमांशु पाल एवं हिमांशु तिवारी विराट रहे। उद्घाटन के अवसर पर विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि श्याम मोहन पाल, डॉ आशीष यादव, नागेंद्र सिंह, राजेंद्र केसरवानी, अनिल पाल, अनुज केसरवानी, संदीप पाल, राजा, मो. सफीक, नितिन पाल, आशीष सिंह, सुमित पाल, विनय सिंह, अनिल केसरवानी, सहित समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# डीपीआरओ ने सचिवो के साथ बैठक कर कियाविकास कार्यो की समीक्षा

## डोर-टू-डोर कुड़ा कलेक्शन न करने वाले सफाईकमिर्यां का वेतन बाधित

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे द्वारा विकास खण्ड सदर के ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत एवं सहायक विकास अधिकारी (पं0) के साथ विकास कार्यो की समीक्षा की गयी। ठोस द्रव अपशिष्ट प्रबन्धन की समीक्षा कर निर्देशित किया गया की सभी ग्राम पंचायतो में डोर-टू-डोर कुड़ा का उठान सुनिश्चित कराये व अवशेष क्रेडिट लिमिट के अनुसार कार्य करा कर 12 जनवरी तक बिल बाउचर उपलब्ध कराये। साथ ही पंचायत भवन की समीक्षा करते हुये सभी सचिवों को निर्देशित किया गया की पंचायत भवन में जनसेवा केन्द्र डिजिटल लाइब्रेरी, डाक घर, प्रधान सचिव के बैठने हेतु कक्ष, महिला सशक्तीकरण मिशन के तहत एक कक्ष के अनुरूप, पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष बनवाना सुनिश्चित करें, अतिरिक्त कक्ष प्राप्त न होने पर सम्बन्धित सचिव के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। ग्राम पंचायत कोपागंज, चकवनतोड़, सकरौली, प्रतापगढ ग्रामीण, सरादली, परसरामपुर, भंगवा, महुआर, कादीपुर, सरायबहेलिया में सफाईकर्मी को डोर-टू-डोर कुड़ा कलेक्शन न किये जाने पर वेतन बाधित करने का निर्देश जारी किया गया। बैठक में जिला कन्सलटेन्ट अतुल कुमार मिश्रा एवं जिला परियोजना प्रबन्धक रोशन सिंह उपस्थित रहें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में एक सब्जी विक्रेता की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर दुबे का पुरवा निवासी सरदार पुत्र मिखुरी, उम्र लगभग 60 वर्ष, चरैया मोड़ पर सब्जी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे वह सब्जी खरीदकर साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह चरैया मोड़ के निकट पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके दोनों पैर गंभीर रूप से टूट गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन शव को लेकर पट्टी स्थित आवास पर आ गए हैं। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है।

# कान्हा गौशाला में मवेशियों को ठंड से बचाने के लिए पहनाया काऊ कोट

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब द्वारा चलाए जा रहे बेजुबान पशुओं को भीषण ठंड से बचने के लिए बोरे के कोट पहनाने के अभियान में बराछा कान्हा गौशाला में पशुओं को बोरे की कोट पहनाकर व गुड़ एवं हरा चारा खिलाया गया। अभियान में नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ़ क्षेत्र अंतर्गत कान्हा गौशाला बराछा चिलबिला में ई0ओ0 नगर पालिका राकेश कुमार व संतोष कुमार एवं खाद्य निरीक्षक एवं क्लब के डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य आदि ने 100 काऊ कोट पहनाकर गुड़ व हरा चारा खिलाया। अभियान का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बेजुबान पशुओं को भीषण ठंड से बचाने के लिए बोरे के कोट पहनाकर ठंड से राहत पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। बाकी बचें बेजुबान पशुओं को भी जल्द कोट बना कर पहनाया जाएगा। गौशाला में चार दिन से लेकर 10 दिन तक के छोटे-छोटे बच्चे भी थे जो पूरे गौशाला में चहल कदमी कर रहे हैं। उन सबको भी छोटे-छोटे काऊ कोट पहनाया गया। अभियान के मुख्य अतिथि ई0ओ0 नगर पालिका राकेश कुमार ने कहा कि क्लब का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य व उनकी टीम द्वारा 100 काऊ कोट पहनाएं गए। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। गौशाला के नोडल अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि गौशाला में पशुओं के लिए चारे अलाव की पूरी व्यवस्था की जा रही है नगर पालिका पशुओं को कोई दिक्कत ना हो उसका पूरा ध्यान रख रही है। इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, संतोष कुमार, छेदीलाल , राजकुमार, राजू, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की प्रांतीय बैठक से पहले मंथन

## परिषद की जिला इकाई ने की बैठक, तय हुई रूपरेखा



**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक दीवानी न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्रतापगढ़ में होने वाली अधिवक्ता परिषद अवध की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को लेकर तैयारियों की योजना तैयार की गई।अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राजस्थान के जोधपुर बालोतरा में संपन्न हुए राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद अवध प्रांत की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 10 व 11 जनवरी 2026 को प्रतापगढ़ में तय की गई है। उक्त बैठक में क्षेत्रीय संयोजक,प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्य,राष्ट्रीय परिषद के सभी सदस्य एवं उच्च न्यायालय लखनऊ इकाई के अध्यक्ष एवं महामंत्री शामिल होंगे। बैठक में प्रतापगढ़ इकाई के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि जोधपुर के बालोतरा में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में पहुंचे कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा है कि अधिवक्ताओं के लिए चिकित्सीय बीमा एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के साथ ही सरकारी अधिवक्ताओं की फीस में बढ़ोतरी हेतु खाका तैयार कर लिया गया है,जिसकी घोषणा शीघ्र हो सकती है। बैठक का संचालन कर रहे प्रतापगढ़ इकाई के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल ने कहा कि आयोजित होने वाले दो दिवसीय अवध प्रांत के कार्यकारिणी की बैठक चिलबिला में स्थित मौर्या रिसार्ट में होना तय कर लिया गया है। इस दौरान बैठक में शेष तैयारी के लिए सभी पदाधिकारी को जिम्मेदारियां दी गई। श्री शुक्ल ने कहा कि सभी पूर्ण निष्ठा से बैठक की तैयारी में लग जाए, जिससे 5 जनवरी तक समस्त तैयारी को पूर्ण कर लिया जाय। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल दूबे,राष्ट्रीय परिषद की सदस्य किरण बाला सिंह, कोषाध्यक्ष भारत लाल वैश्य, उपाध्यक्ष रवि सिंह,मंत्री कुलवंत सिंह, मंत्री विनीत शुक्ल, मंत्री रुप नारायण सरोज,अतुल सिंह,दीपू सिंह,विजय गुप्ता,उदित गिरी आशीष मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## पति समेत ससुरालीजनों पर मुकदमा

**लालगंज।** विवाहिता के उत्पीडन के मामले में पति समेत ससुरालीजनों पर केस दर्ज किया गया है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। लालगंज कोतवाली के भवराम बोझी निवासी नीलम वर्मा पुत्री राम बहादुर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका विवाह बीती इक्कीस फरवरी को खगईपुर रामगढ़ रैला निवासी सर्वेश वर्मा पुत्र कमलेश वर्मा के साथ हुआ है। शादी के बाद से ही पति, ननद व ससुर दहेज की मांग को लेकर उसको प्रताडित करने लगे। इसी बीच उसका पति असैनापुर निवासी एक युवती को लेकर भाग गया। एक माह बाद दोनों वापस आए तो उसको मार डालने की धमकी दे रहे हैं। पीडिता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीडन का केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



## दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**पट्टी।** पुलिस ने दुष्कर्म, अपहरण और एससी, एसटी एक्ट जैसे गंभीर मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के उपनिरीक्षक अतुल यादव व कांस्टेबल बृजेश यादव ने मुखबिर की सटीक सूचना पर दिल्ली के वजीरपुर स्थित जेजे कॉलोनी (अशोक विहार) में छापेमारी की। वहां से अभियुक्त साजिद अली उर्फ गुड्डू (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त साजिद अली मूल रूप से लखीमपुर खीरी के थाना शारदा नगर अंतर्गत ग्राम झाम पुरवा का निवासी है। उसके विरुद्ध थाना पट्टी में विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत था। घटना के बाद से ही वह अपनी पहचान छिपाकर उत्तर-पश्चिम दिल्ली में रह रहा था।

# क्षेत्र में खुलेआम हो रही जेसीबी मशीन से खुदाई



### जिम्मेदार बने अंजान, प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के सरसतपुर सराय बाजार में इन दिनों खुलेआम जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा कार्य बाजार जैसे व्यस्त इलाके में हो रहा है, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह अंजान बने बैठे हैं।सूत्रों के अनुसार बिना किसी सूचना और अनुमति के जेसीबी मशीन लगातार मिट्टी की खुदाई कर रही है। इससे न सिर्फ सरकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बल्कि आसपास के लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारी मशीनों के चलने से सड़क को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य : डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। जिन कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री अभी तक नहीं बनी है, वे दिनांक 30 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री करा लें। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य ग्राम स्तर पर आयोजित कैम्प, पंचायत सचिव, लेखपाल, कृषि विभाग के कार्मिकों एवं सहज जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा रहा है। रजिस्ट्री न कराने की स्थिति में प्रधानमंत्री किसान योजना का लाभ रोक दिया जा सकता है। सभी कृषक आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि पर कैम्पध्जनसेवा केन्द्र पर पहुँचकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करायें। उन्होने यह भी बताया है कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में नेम मैच स्कोर से कम होने पर लेखपाल द्वारा इसको ठीक कराने विषयक आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी जिसका अनुश्रवण अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) द्वारा किया जायेगा। उन्होने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने तहसील में दैनिक समीक्षा कर अवशेष कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करायेगें। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य हेतु समस्त उपजिलाधिकारियों, उप कृषि निदेशक, समस्त खण्ड विकास अधिकारियों व जिला प्रबन्धक सहज जनसेवा केन्द्र को निर्देशित किया है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस अब 5 जनवरी को तहसील सदर में

**प्रतापगढ़।** 03 जनवरी 2026 को शासकीय अवकाश (मो० हजरत अली का जन्मदिन) होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अब दिनांक 05 जनवरी 2026 (दिन सोमवार) को तहसील सदर में आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार दिनांक 05 जनवरी को अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) की अध्यक्षता में तहसील पट्टी व मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में तथा अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जायेगा।

# पीसीएस ब्रदर्स कैनवास प्रतियोगिता में ब्लैक टाईगर पहुंची फाइनल में

### ब्लैक टाईगर टीम ने 36 रनों से यह मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** पीसीएस ब्रदर्स कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता पारा में आठवे दिन तीन मैच खेले गए। जिसमें दो क्वार्टर फाइनल व एक सेफीफाइनल मैच खेला गया। पहला क्वार्टर फाइनल मैच चैपाई व ब्लैक टाईगर के बीच खेला गया। जिसमें चैपाई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 94 रन बनाए। जिसके जवाब में ब्लैक टाईगर की टीम ने 4 विकेट खोकर 95 रन बनाकर यह मैच आसानी से जीत लिया। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच सुभाष 11 रानीगंज व चंदन 11 बक्श जौनपुर के बीच खेला गया। जिसमें सुभाष 11 रानीगंज ने 6 विकेट खोकर 76 रन बनाए। जिसके जवाब में चंदन 11 बक्शा जौनपुर ने 6 विकेट खोकर 7 ओवरों में 77 रन बनाकर यह मैच आसानी से जीत लिया। तीसरा मैच सेफीफाइनल मैच ब्लैक टाईग व चंदन 11 बक्शा जौनपुर के बीच खेला गया। जिसमें ब्लैक टाईगर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में विक्की के 61 रनों की मदद से 121 रन बनाए। जिसके जवाब में चंदन 11 बक्शा जौनपुर की टीम ने आठ विकेट खोकर 85 रन बनाए। जिससे ब्लैक टाईगर टीम ने 36 रनों से यह मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर गई। यहां पर आम्परिंग मुस्तक, शाद अली, पवन, अजीत ने व स्कोरिंग मंदीप ने किया। कमटेटर की भूमिका अश्विनी, रवि, व सौरभ ने किया। यहां पर कमेटी के भानू प्रताप, प्रदीप, कुलदीप, जयकुमार, वृजलाल, हारुन, सज्जान कुमार, उज्वल, पीसी सुदामा, विजय प्रताप, हरि प्रसाद, रामलखन, राहुल, अमृतलाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सड़क के बीच गिरी पेड़ की डाल हादसे को दे रही निमंत्रण

**पट्टी।** रानीगंज-पट्टी मार्ग पर बीच सड़क पर पेड़ की एक बड़ी डाल गिरी हुई है, जो हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों की निगाह अब तक इस ओर नहीं गई है। कोहरे के कारण सड़क पर दृश्यता पहले से ही कम है, ऐसे में बीच सड़क पड़ी डाल किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है।बताया जा रहा है कि पट्टी तहसील क्षेत्र के पूरे धन जंगल के पास यह पेड़ की डाल पिछले दो दिनों से सड़क पर पड़ी हुई है। बावजूद इसके न तो वन विभाग और न ही लोक निर्माण विभाग द्वारा इसे हटाने की कोई कार्रवाई की गई है। इस मार्ग से प्रतिदिन भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। लोगों ने प्रशासन से तत्काल पेड़ की डाल हटवाकर सड़क को सुरक्षित कराने की मांग की है।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**पट्टी।** थाना कंधई पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने बड़ी सफलता हासिल की है।थाना कंधई में तैनात उपनिरीक्षक सुनील कुमार राय अपने हमराह कांस्टेबल अनूप मिश्रा एवं कांस्टेबल साजन पटेल के साथ शुक्रवार को दिन में थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त क्षेत्र में मौजूद है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कठार मोड़ किशुनगंज के पास से अभियुक्त अनीस अहमद पुत्र अब्दुल मोहिद, निवासी ग्राम चकमुबारकपुर, थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़, उम्र लगभग 41 वर्ष, को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

# बैजलपुर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया



**प्रतापगढ़।** इलाके के बैजलपुर गांव में ठंड से बचने के लिए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सदर प्रथम से जिला पंचायत सदस्य विश्वजीत सिंह मोहित ने दिव्यांग, विधवा एवं बुजुर्गों समेत बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं व पुरुषों को कंबल वितरित किया। कई दिनों से लाभार्थियों को चिन्हित किया जा रहा था। कंबल पाकर लोगों के चेहरे चमक उठे। विश्वजीत सिंह मोहित ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। यह सेवा अनवरत जारी रहेगी। इस मौके पर मुन्ना सिंह, मोनू पाण्डेय, कोई शुक्ल, प्रवीण सिंह योगी, विकास पाण्डेय, रत्नेश सिंह, जगदीश हरिजन आदि मौजूद रहे।

## देश को आत्मनिर्भर बनाने में किसानों का योगदान अहम

**प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील क्षेत्र के शमशेरगंज में शुक्रवार को सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजक समाजसेवी आशुतोष गिरि दीपक रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों का सारस्वत सम्मान हुआ। मुख्य अतिथि संजय शुक्ल ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है।विशिष्ट अतिथि मो. हई ने कहा कि कठिनाइयों को सहते हुए किसान समाज को आगे बढ़ाने अपना अमूल्य योगदान देता है। अध्यक्षता हाफिज मो. याकूब न किया। संचालन डॉ. सच्चिदानंद त्रिपाठी ने किया। आयोजक आशुतोष गिरि दीपक ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके चन्द्रशेखर शुक्ल, आचार्य संतोष मिश्र, विकास पांडेय समाजसेवी,अशोक कौशल, वकील अहमद, अब्दुल अजीज आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों की सहायता करना ही सबसे पुनीत काम : शांति देवी



**लालगंज।** स्थानीय विकास खंड के जगन्नाथपुर ग्राम पंचायत में बृहस्पतिवार की शाम कंबल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें छह सौ पचास जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। ग्रामीणों को कंबल वितरित करते हुए प्रधान शांति देवी ने कहा कि ठंड में जरूरतमंदों की सहायता करना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के लोगों को शासन की सभी योजनाओं को लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही सडक, नाली, बिजली व शिक्षा के माध्यम से ग्रामीणों को विकास से जोडने का काम किया जाएगा। कंबल मिलने पर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशियां छलक उठीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख ददन सिंह एवं संचालन लेखपाल विवेक शुक्ल ने किया। इस मौके पर जीवनलाल, पवन वर्मा, गंगाराम, जुबेर बाबा, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# लीग मुकाबले में जय सिंह एकादश विजयी, ललित बने मैन आफ द मैच

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के वार्ड अझारा के ग्राउंड पर शुक्रवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का लीग मैच राहुल एकादश व जय सिंह एकादश के बीच खेला गया। पहले बैंटिंग करते हुए जय सिंह एकादश ने दस ओवर में सत्तर रन बनाए। इसमें अश्वनी तिवारी ने सर्वाधिक पचीस रनों को योगदान किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राहुल एकादश की टीम छप्पन रनों पर आल आउट हो गई। जय सिंह एकादश ने यह मैच पंद्रह रनों से जीत लिया। मैन आफ द मैच जय सिंह एकादश टीम के ललित मलिंगा रहे। सुब्रत तिवारी एवं गिरजाशंकर द्विवेदी ने अंपायर की भूमिका निभाई। गणेश मिश्र व विकास कमेंट्रेटर रहे। आयोजक सभासद डीपी गौतम एवं संयोजक आशीष मिश्र ने खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीशचंद्र पांडेय, सुब्रत तिवारी, विकास मिश्र आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### एंजेल चकमा की मौत, देश के लिए सबक

**उत्तराखंड** की राजधानी देहरादून में त्रिपुरा से आए छात्र एंजेल चकमा की नस्लवादी नफरत में हत्या कर दी गई। इस घटना पर अब उत्तराखंड से लेकर त्रिपुरा तक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, लोग नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। पूर्वोत्तर के छात्र अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। वहीं अब भाजपा के नेता भी इस घटना को दुखद और चिंतनीय बता रहे हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को पूर्वोत्तर के लोगों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में नस्लवाद और भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। किसी भी जाति, नस्ल या धर्म के लोगों का मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पूर्वोत्तर के लोग ही नहीं, बल्कि सभी को इस तरह की घटनाओं से दुखी होना चाहिए, क्योंकि यह किसी के साथ भी हो सकता है। एक बेकसूर नागरिक को केवल उसके चेहरे-मोहरे के कारण मार देना दुख और नाराजगी की बात तो है ही, उससे भी अधिक गहरी चिंता की बात है कि एक समाज के तौर पर हम पागलपन के किस दौर में पहुंचा दिए गए हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को कपड़ों से पहचान करने के लिए उकसाया तो अब उससे एक कदम आगे बढ़ते हुए लोग कपड़ों के साथ-साथ खान-पान, नाम, नैन-नक्श से भी पहचान करने लगे हैं कि कौन हमारे जैसा है और कौन नहीं। जो हमारी तरह नहीं है, बहुसंख्यकों में शामिल नहीं है, उसे अल्पसंख्यक भी न रहने दिया जाए, बल्कि उसका अस्तित्व ही मिटा दिया जाए, इसी उन्मादी सोच का शिकार देश हो चुका है।

भाजपा ने सत्ता पाने और उस पर जमे रहने के लिए लोगों में जो फूट डालनी शुरू की है, अब उसकी पराकाष्ठा देखी जा सकती है। किरण रिजीजू को अब अगर लग रहा है कि जाति, नस्ल या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए, तो ऐसा ही विरोध उन्हें उस वक्त भी करना था जब सैंटा क्लॉज की टोपी पहनने या बेचने वालों को प्रताड़ित किया गया। जब जन्मदिन के जश्न में बजरंग दल के गुंडे केवल इसलिए घुसकर मारपीट करने लगे, क्योंकि उसमें अल्पसंख्यक लोग भी थे। अगर अखलाक की लिंचिंग के बाद ही किरण रिजीजू भीड़ की हिंसा के खिलाफ बोलते या झारखंड में मॉब लिंचिंग के आरोपियों को जब भाजपा नेता जयंत सिन्हा माला पहना रहे थे, तब उनकी मुखालफत करते, तब तो उनकी चिंता जायज लगती। लेकिन अभी तो ऐसा लग रहा है कि पूर्वोत्तर में भाजपा की स्थिति कमजोर न हो जाए, इस डर से किरण रिजीजू पीड़ित के पक्ष में बोल रहे हैं।

गनीमत यही है कि वो बोल रहे हैं, वर्ना देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को तो शायद ऐसी घटनाएं संबोधित करने लायक लगती ही नहीं हैं। वैसे भी इस समय उनका पूरा ध्यान इस समय बंगाल चुनाव पर हैं, जहां से घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकालने की प्रतिबद्धता मोदी-शाह दिखा रहे हैं। हालांकि वे अब तक ये नहीं बता पाए हैं कि इससे पहले झारखंड, दिल्ली और बिहार में उन्हें कितने घुसपैठिए मिले हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है। घुसपैठिए का डर बढ़ाकर भी देश में अल्पसंख्यकों और बांग्लाभाषियों के लिए खतरे बढ़ा दिए गए हैं।

# पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, वैश्विक समाधान समझें

**-ललित गर्ग-**

**वैश्विक** परिवार दिवस, शान्ति और साझेदारी का एक दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी समारोह, ह्यशान्ति में एक दिनह्न से विकसित हुआ। समग्र विश्व एक वैश्विक ग्राम है और हम सभी इस बृहत्-परिवार का हिस्सा हैं। भारत ने तो वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करते हुए समूची दुनिया को एक परिवार ही माना है। वैसे भारत की परिवार परम्परा दुनिया के लिये अनुकरणीय है। हम सभी एक परिवार हैं, चाहे हमारी नागरिकता, धर्म, जाति, सीमाएं या नस्ल कुछ भी हो। समग्र मानव जाति को एक साथ आना चाहिए और प्रेम और शान्ति में विश्वास करना चाहिए और विश्व में सुख और आशा लाने हेतु इसका अभ्यास करना चाहिए। संसार संघर्षों, युद्धों, उपद्रवों, कष्ट और पीड़ा से भरा पड़ा है। यदि हम सभी एक साथ आएं और दुनिया को प्रेम और धैर्य से ठीक करें, तो हम सभी खुशी से और अपने हृदयों में आशा के साथ रह सकते हैं। वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है।

इस दिवस की शुरूआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरूआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में ह्यवन डे इन पीस - जनवरी 1, 2000ह्न जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरूआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया।

प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है। भारतीय संदर्भ में परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं रहा, बल्कि वह संस्कारों की पाठशाला, शांति, सहयोग एवं सौहार्द की प्रयोगभूमि और जीवन-मूल्यों का आधार रहा है। इसी परिवार-परंपरा ने भारत को सदियों तक सामाजिक स्थिरता, अहिंसा, सहिष्णुता और मानवीय करुणा का देश बनाए रखा। आज विडंबना यह है कि जिस भारतीय परिवार व्यवस्था को दुनिया एक आदर्श मॉडल के रूप में देख रही है, उसी भारत में वह धीरे-धीरे उपेक्षा और विस्मृति का शिकार होती जा रही है। वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के



स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है, बल्कि वह सुरक्षा, संवाद और मार्गदर्शन की कमी भी है। परिवार का वह सहज वातावरण, जहाँ प्रश्न पूछे जा सकते थे, गलतियाँ स्वीकार की जा सकती थीं और भावनाएँ साझा की जा सकती थीं, आज धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। बुजुर्ग, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, अनुभव और संस्कार के संवाहक थे, आज कई घरों में हाशिये पर खड़े दिखाई देते हैं। उनके पास समय नहीं, धैर्य नहीं और कभी-कभी सम्मान भी नहीं बचा। यह स्थिति केवल पीढ़ियों के बीच दूरी नहीं बढ़ा रही, बल्कि समाज को उसके नैतिक आधार से भी वंचित कर रही है।

दूसरी ओर, यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वैश्विक स्तर पर आज परिवार की भूमिका को नए सिरे से समझा जा रहा है। पश्चिमी देशों में, जहाँ अत्यधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक अकेलेपन को जन्म दिया, अब परिवार, साझेदारी और सामूहिक जीवन की पुनर्स्थापना पर गंभीर विमर्श हो रहा है। इसी क्रम में वैश्विक परिवार दिवस को केवल परिवार के रूप में नहीं, बल्कि शांति, सहयोग और साझेदारी के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को शांति और साझेदारी के वैश्विक दिवस के रूप में भी परिवार और मानवीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया जाता है। यह संकेत देता है कि परिवार केवल निजी जीवन की इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सामाजिक संतुलन की आधारशिला भी है।दुनिया भर में संस्कृतियाँ और धर्म अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि पूरी मानव जाति एक बड़ा परिवार है जो एकजुट होकर ही जीवित रह सकती है। इस वर्ष वैश्विक परिवार दिवस की थीम ह्लपरिवार, शिक्षा और कल्याणः आज और भविष्यह्न इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि परिवार की भूमिका केवल बच्चों को पालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शिक्षा का पहला केंद्र और कल्याण का स्थायी आधार है।

वैश्विक परिवार दिवस की प्रासंगिकता इसी बिंदु पर सबसे अधिक उभरकर सामने आती है कि परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जीने की संस्कृति है। परिवार में बिताया गया समय निवेश है, व्यय नहीं। बच्चों के साथ संवाद, बुजुर्गों के साथ सहभागिता और रिश्तों के बीच संवेदनशीलता समाज के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की गारंटी है। यदि आज परिवार टूट रहे हैं, तो उसका प्रभाव केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक तनाव और मूल्यहीनता के रूप में व्यापक रूप से सामने आएगा। इस संदर्भ में आवश्यक है कि हम परिवार को नए दृष्टिकोण से देखें। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कार्य और परिवार के बीच प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण हो। डिजिटल सुविधाओं के साथ मानवीय संवाद को भी उतना ही महत्व दिया जाए। बच्चों के लिए समय निकालना दायित्व नहीं, बल्कि भविष्य के समाज में निवेश के रूप में समझा जाए। बुजुर्गों को केवल सहारा नहीं, बल्कि मार्गदर्शक के रूप में पुनः स्वीकार किया जाए। वैश्विक परिवार दिवस और शांति व साझेदारी का वैश्विक संदेश हमें यह सिखाता है कि परिवार जितना सशक्त होगा, समाज उतना ही शांत और सहयोगी बनेगा। परिवारों में संवाद होगा तो समाज में टकराव कम होंगे। परिवारों में साझेदारी होगी तो राष्ट्रों के बीच भी सहयोग की भावना मजबूत होगी। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, बल्कि वैश्विक समाधान के रूप में देखे। अंततः वैश्विक परिवार दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है। यदि परिवार सशक्त हुए तो शांति, साझेदारी और मानवीय मूल्यों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। भारतीय परिवार परंपरा आज भी प्रासंगिक है, आवश्यक है कि हम उसे समयानुकूल रूप देते हुए अपने जीवन के केंद्र में पुनः स्थापित करें, क्योंकि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज और शांत विश्व की आधारशिला होते हैं।

# साल 2025: भारत के दामन में कांटे ही कांटे

**अनिल जैन**

**भारत** सरकार भले ही दावा करे कि आर्थिक तरक्की के मामले में पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि वैश्विक आर्थिक मामलों के तमाम अध्ययन संस्थान भारत की अर्थव्यवस्था का शोकगीत गा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भारत की साख सिर्फ आर्थिक मामलों में ही नहीं गिर रही है, बल्कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी, मानवाधिकार और मीडिया की आजादी में भी भारत की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग इस साल पहले से बहुत नीचे आ गई है।



हर कैलेंडर वर्ष अपने दामन में तमाम तरह की कड़वी-मीठी यादें समेटे हुए बिदा होता है। ये यादें अंतरराष्ट्रीय घटनाओं को लेकर भी होती हैं और राष्ट्रीय घटनाओं से सम्बन्धित भी। राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, विज्ञान और खेल आदि क्षेत्रों से जुड़ी कड़वी-खट्टी-मीठी यादों की वजह से उस साल को याद किया जाता है। कोई-कोई साल भीषण प्राकृतिक अथवा मानव निर्मित आपदाओं के लिए भी इतिहास के पन्नों में यादगार साल के तौर पर दर्ज हो जाता है।

अगर भारत के संदर्भ में देखें तो वर्ष 2025 चौंकाने वाले राजनीतिक घटनाक्रमों और सामाजिक टकरावों के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा को पड़ोसी देशों से मिलती चुनौतियों, अभूतपूर्व बेरोजगारी व महंगाई के चलते आम लोगों के लिए दुश्वारियों से भरा रहा। न्यायपालिका और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख पर पहले से उठ रहे सवाल और ज्यादा गहरे हुए। सरकार की ओर से संसद और संविधान की अवहेलना का सिलसिला भी जारी रहा। लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता जैसे संवैधानिक मूल्यों पर सत्ता प्रतिष्ठान के हमले बदस्तूर होते रहे। हमेशा की तरह प्राकृतिक आपदाओं के साथ ही भ्रष्टाचार जनित मानव निर्मित आपदाओं का सिलसिला भी इस साल भी जारी रहा। देश भर में, खास कर उत्तर भारत में यौन अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता रहा। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश पर एक हिंदुत्ववादी वकील द्वारा जूता उछालने और संसद में सत्तारूढ़ पार्टी के एक सांसद द्वारा सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश पर देश को गृहयुद्ध में झोंकने का आरोप लगाना भी इस साल की उल्लेखनीय घटना रही। वर्ष 2025 की शुरूआत प्रयागराज इलाहाबाद में हुए कुंभ से हुई थी। एक महीने तक चले इस विश्वस्तरीय धार्मिक आयोजन के दौरान सरकारी सूचना के मुताबिक 36 लोग मारे गए, जबकि गैर सरकारी अनुमानों के मुताबिक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और अनगिनत लोग घायल हुए। कुंभ के सिलसिले में ही फरवरी महीने में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में भी 20 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। इन दो दुर्घटनाओं से ऐसे आयोजनों के दौरान भीड़ प्रबंधन में सरकारी तंत्र की कमजोरी और लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई। इसके बाद जून के महीने में अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान गिरने की दर्दनाक घटना, उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा और बेंगलुरू में आईपीएल की जीत के जश्न में मची जानलेवा भगदड़ भी देश को गहरे जख्म दे गई। अहमदाबाद की विमान दुर्घटना में 241, उत्तराखंड त्रासदी में 100 से ज्यादा और बेंगलुरू की भगदड़ में 17 लोग मारे गए। साल के आखिरी महीने में देश की एकमात्र एयरलाइंस सेवा इंडिगो में कुप्रबंधन के चलते तीन दिन तक विमान सेवाएं ठप रहीं, जिससे देश भर के हवाई अड्डों पर अभूतपूर्व अफरा-तफरी मची और लाखों लोग बुरी तरह परेशान हुए। यह पूरा संकट सरकार के निजीकरण और एकाधिकार वाले मॉडल का नतीजा रहा।

इन सभी घटनाओं के दरमियान ही 25 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले 27 पर्यटक मारे गए। इस हमले ने कश्मीर घाटी में कमजोर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही आतंकवाद खत्म होने के केंद्र सरकार के दावे की भी कलई खोल दी। इस हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने 6 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिससे दोनों देशों के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए। चार दिन तक दोनों देशों के बीच हुए सैन्य टकराव के बाद संघर्ष विराम हुआ। इस ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेशक भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाया लेकिन भारतीय राजनीतिक नेतृत्व के कूटनीतिक प्रयास पाकिस्तान के खिलाफ विश्व राजनीति को प्रभावित करने में नाकाम रहे। इसके विपरीत पाकिस्तान पहली बार वैश्विक शक्तियों का समर्थन हासिल करने में कामयाब होता दिखा।

ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद हुए संघर्ष विराम ने भारत और अमेरिका के बीच संबंधों पर भी प्रतिकूल असर डाला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कई बाद दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम उन्होंने कराया, लेकिन भारत के शीर्ष नेतृत्व की ओर से एक बार भी उनके दावे का खंडन नहीं किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति के आक्रामक आत्मप्रदर्शन के आगे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी को दुनिया ने उसकी बेबसी के रूप में देखा। अमेरिका से रिश्तों में खिंचाव के चलते भारत ने चीन और रूस के साथ अपने सर्द पड़े रिश्तों में गरमाहट लाने के प्रयास किए।

वैश्विक राजनीति में कमजोर प्रदर्शन के साथ ही साल 2025 में अर्थव्यवस्था के चरमराने का सिलसिला भी जारी रहा, जिसके नतीजे के तौर पर देश में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी किस स्तर तक पहुंच गई है, यह जानने के लिए ज्यादा पड़ताल करने की जरूरत नहीं है। इसकी स्थिति को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के जरिए बहुत आसानी से समझा जा सकता है। खुद सरकार का दावा है कि इस योजना के तहत देश के 80 करोड़ राशनकार्ड धारकों को हर महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

# 2026 कम तेल कीमतों और कच्चे तेल की अतिरिक्त आपूर्ति का साल होगा

**के रवींद्रन**

**वैश्विक** प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि से मार्जिन में कमी की संभावना बढ़ जाती है यदि उत्पाद बाजार में अतिरिक्त आपूर्ति हो जाती है। यदि कई उत्पादक एक साथ एक ही डाउनस्ट्रीमहेज का पीछा करते हैं, तो परिणाम तीव्र प्रतिस्पर्धा और कम लाभप्रदता हो सकती है। असल में, अस्थिरता कच्चे तेल की कीमतों से रिफाइनिंग मार्जिन में स्थानांतरित हो सकती है, जिससे जोखिम खत्म होने के बजाय पुनर्वितरित हो सकता है। फिर भी, तेल-निर्भर देशों के दृष्टिकोण से,आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं के लिए, हाइड्रोकार्बन वैल्यू चेन में विविधता लाना, एक ही, लगातार अनिश्चित रेवेन्यू स्ट्रीम पर निर्भर रहने से बेहतर है।



जैसे-जैसे 2026 करीब आ रहा है, वैश्विक तेल बाजार एक ऐसे साल की ओर बढ़ रहा है जो कीमतों की गतिशीलता, उत्पादक देशों में वित्तीय योजना और आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऊर्जा सुरक्षा की गणना को निर्णायक रूप से नया आकार दे सकता है। बाजार के अनुमान बताते हैं कि अगर ओपेक प्लस अपने स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को खत्म करने का फैसला करता है तो तेल को वर्षों में सबसे बड़ी अतिरिक्त आपूर्ति का सामना करना पड़ सकता है।

आपूर्ति पक्ष का गणित स्पष्ट है। ओपेक प्लस द्वारा शुरू की गई स्वैच्छिक कटौती को ऐसे बाजार में कीमतों को स्थिर करने के लिए डिजाइन किया गया था जो महामारी के बाद असमान मांग वृद्धि, तेज ऊर्जा संक्रमण नीतियों और दक्षता लाभ को अवशोषित करने के लिए संघर्ष कर रहा था। इन प्रतिबंधों ने अब तक कीमतों में गहरी गिरावट को रोका है, लेकिन उन्होंने एक दुविधा भी पैदा कर दी है। यदि गठबंधन यह तय करता है कि कीमतों को बनाए रखने की तुलना में बाजार हिस्सेदारी की रक्षा करना अधिक महत्वपूर्ण है, तो कच्चे तेल की एक महत्वपूर्ण मात्रा तेजी से वैश्विक व्यापार प्रवाह में फिर से प्रवेश कर सकती है।

इस बीच, मांग में वृद्धि लचीली साबित हो रही है लेकिन अतिरिक्त बैरल को अवशोषित करने के लिए अपर्याप्त है। पेट्रोकेमिकल्स, परिवहन ईंधन और विमानन के नेतृत्व में एशिया में खपत लगातार बढ़ रही है, फिर भी गति अब विस्फोटक नहीं है। परिवहन के विद्युतीकरण, ईंधन दक्षता मानकों और विकसित बाजारों में धीमी आर्थिक विस्तार जैसे संरचनात्मक कारक ऊपरी क्षमता को सीमित करते रहते हैं। इस पृष्ठभूमि में, चीन द्वारा मजबूत खरीदारी भी संतुलन को कसने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकती है। चीन तेजी से अपने रणनीतिक कच्चे तेल के भंडार का निर्माण कर रहा है, कीमतों में गिरावट का फायदा उठाकर अपने भंडार में इजाफा कर रहा है। यह नीति-संचालित मांग एक अस्थायी सहारा प्रदान करती है, लेकिन यह मौलिक रूप से वैश्विक आपूर्ति-मांग समीकरण को नहीं बदलती है। रणनीतिक भंडारण सीमित और अवसरवादी होता है।

## सिर्फ अपने लिए नहीं, दूसरों की मदद के लिए भी यूपी-112 मिलाएं

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही । आपात** सेवा यूपी- 112 द्वारा जनपद भदोही में "विशेष जन जागरुकता अभियान" अभियान के अंतर्गत नागरिकों को अपनी विभिन्न सेवाओं के बारे में बड़े रोचक अंदाज में जागरूक कर रहा है। नाट्य टोलियां सार्वजनिक स्थानों पर लोकगीतों और लघु नाटकों के माध्यम से नागरिकों को बता रही हैं कि कैसे आप लोगों की एक छोटी सी पहल समाज में एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है। कलाकार बड़े ही सरल शब्दों में अपील कर रहे हैं कि नागरिक सिर्फ अपनी मदद के लिए नहीं बल्कि दूसरों की मदद को आगे आएं और



फोन उठा कर यूपी-112 मिलाएं। समस्याएं अनेक, नंबर सिर्फ एक यूपी-112 सिर्फ पुलिस सहायता ही नहीं बल्कि आग लगने, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा, ट्रेन में भी आपात स्थिति में सहायता पहुंचाती है। क्योंकि यूपी-112 का फायर, एम्बुलेंस, [illegible] जीआरपी सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ एकीकरण के बाद नागरिकों के लिए मदद का दायरा और बढ़ गया है। सार्वजनिक स्थानों, बाजार, भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु दिखने पर कोई भी नागरिक 112 पर कॉल कर किसी भी घटना को रोकने में सहायता कर सजग नागरिक होने का दायित्व निभा सकता है।

## जिला मजिस्ट्रेट ने स्टांप व राजस्व वादों का स्थलीय निरीक्षण कर न्यायालय आपके द्वार को किया चरितार्थ

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । नव** वर्ष 2026 पर प्रभावी सुशासन हेतु ह्यन्यायालय आपके द्वारह्न अभियान के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट शैलेष कुमार ने जनता दर्शन में जनसुनवाई के पश्चात जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में लंबित वादों के शुचिता पूर्ण निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया, जिससे विवादित प्रकरण के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील ज्ञानपुर के अंतर्गत मौजा केवटाही में धर्मेंद्र कुमार बनाम उषा देवी आदि वाद में उत्तर प्रदेश सरकार बाग भूमि के प्रकार में आवास आवंटन द्वारा अतिक्रमित है। दूसरा वाद तहसील औराई के रामापुर में सरकार



बनाम श्रीमती चंद्रकला मामले में स्टांप वाद के अंतर्गत विक्रय अभिलेख के आधार पर निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में दोनों वादों से संबंधित दोनों पक्षों के बातों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुना तथा वाद से संबंधित विस्तृत जानकारी ली जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी ,तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि संबंधित न्यायालय में लंबित व विवादित प्रकरणों के संबंध में न्यायालय आपके द्वार के क्रम में स्थलीय निरीक्षण व सुनवाई करते हुए ।

## कड़ाके की ठंड व शीतलहर से बचाव हेतु शासन के निर्देशानुसार जनपद में कंबल वितरण अभियान जारी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । कड़ाके** की ठंड, घना कोहरा एवं शीतलहर से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से शासन के मंशानुरूप तथा जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त तहसील क्षेत्रों में शासकीय कंबलों का वितरण निरंतर किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज के वंचित, गरीब, असहाय एवं बेसहारा व्यक्तियों को ठंड से राहत प्रदान करना है। इसी क्रम में तहसील औराई के अंतर्गत ग्राम पंचायत उगापुर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार औराई



सुनील कुमार द्वारा पात्र व जरूरतमंद व्यक्तियों को शासकीय कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर तहसीलदार औराई ने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद ठंड से प्रभावित न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर सर्वे कर वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

# जिले में कूड़ा निस्तारण और सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



स्थलीय निरीक्षण करते डीएम

**चित्रकूट।** शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी की सफाई व्यवस्था और सॉलिड वेस्ट प्रबंधन को लेकर शहर के प्रमुख कूड़ा संग्रहण स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एलआईसी तिराहा, शम्भू पेट्रोल पम्प तिराहा तथा डॉ सुरेन्द्र अग्रवाल अस्पताल के सामने स्थित द्वितीयक कूड़ा संग्रहण स्थलों की स्थिति का जायजा लिया गया। शम्भू पेट्रोल पम्प तिराहा स्थित कूड़ा केंद्र को पूरी तरह समाप्त कर वहां सौंदर्यीकरण, इंटरलॉकिंग, बेंच एवं सेल्फी प्वाइंट विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समीप स्थित खाली भूमि को टैक्सी स्टैंड के रूप में विकसित करने के लिए नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका को निर्देशित किया कि सभी पालिका वाहनों पर आगे-पीछे नंबर प्लेट लगाई जाए और खराब पेंटिंग वाले वाहनों की पुनः रंगाई कराई जाए। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए निर्देश दिया गया कि कचरा सीधे वाहन में डाला जाए, जमीन पर न गिरने पाए। दुकानदारों को सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में रखने तथा सड़क पर कचरा न फैलाने की चेतावनी दी गई। उन्होंने सफाई कर्मियों को दो पालीबैग उपलब्ध कराने और दो-तीन वार्डों में इसका प्रयोग शुरू करने के निर्देश दिए। शहर में लगे अवैध होर्डिंग, पोस्टर और बैनर हटाने तथा जिम्मेदारों पर जुमार्ना लगाने के भी आदेश दिए गए। स्टेशन रोड स्थित द्वितीयक कूड़ा स्थल को हटाकर इंटरलॉकिंग व बाउंड्रीवाल पेंटिंग से सौंदर्यीकरण कराने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी लालजी यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत सरधुवा और मऊ थाना क्षेत्रों में गांजा बरामद

**चित्रकूट।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गांजे के साथ दो आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। इस कार्रवाई में सरधुवा और मऊ थाना पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध गांजा बरामद किया। सरधुवा थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष राम सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अजहर जमाल व उनकी टीम ने हरिसनपुर निवासी कामता प्रसाद को 397 ग्राम सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर थाना मऊ क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह के निर्देश में चौकी प्रभारी खंडेहा राहुल पाण्डेय एवं उनकी टीम ने एक ट्रॉली बैग में रखे 5 किलो 105 ग्राम सूखे गांजे के साथ कौशांबी जनपद निवासी शिवशंकर तिवारी को गिरफ्तार किया। इस मामले में भी थाना मऊ में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नाबालिग दुराचार मामले में पुलिस की जांच फेल, दोषी अधिकारियों पर मुकदमा लिखने का आदेश

- 25 साल की सजा के बीच जांच में गड़बड़ी
- निर्दोष को फंसाने की कोशिश की गई

**चित्रकूट।** जिले में नाबालिग लड़की के साथ दुराचार के आरोपी को कठोर सजा सुनाने के साथ ही विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने जांच प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही उजागर की है। रैपुरा थाना प्रभारी और पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की कार्यशैली पर न्यायालय ने कड़ी आपत्ति जताई। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 5 अप्रैल 2020 को अगरहुण्डा निवासी छोटू उर्फ तेजप्रताप गुप्ता द्वारा मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई गई थी। दोष सिद्ध होने पर न्यायाधीश ने आरोपी को 25 वर्ष कठोर कारावास और 50,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने आदेश में कहा कि तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र ने विवेचना में अपने कर्तव्यों की गंभीर अनदेखी की और निर्दोष व्यक्ति को झूठे व गढ़े साक्ष्यों के आधार पर अभियोजित करने का प्रयास किया। इसके चलते वास्तविक अभियुक्त जांच प्रक्रिया से बाहर रह गया। न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराने और अपर मुख्य सचिव गृह तथा पुलिस महानिदेशक को आदेश की प्रति भेजने का निर्देश दिया है। अब प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की निगाहें इसी प्रकरण पर टिक गई हैं, जिससे यह मामला न केवल सजा बल्कि जांच की पारदर्शिता के लिए भी मिसाल बन गया है।

# अवैध खनन उजागर करने की कीमत, किसान नेता को मिली जान से मारने की धमकी

**अखंड भारत संदेश**

- तीन करोड़ के टेंडर में सैकड़ों करोड़ की लूट
- डीजीपी से मांगी सुरक्षा, जिला प्रशासन खामोश

**चित्रकूट।** जिले में यमुना नदी के अवैध खनन को उजागर करना अब एक गंभीर खतरे का कारण बनता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (आजाद हिंद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभात सिंह ने इस पूरे प्रकरण में खुलकर सामने आते हुए बताया है कि अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने पर खनन में संलिप्त माफिया गिरोह उन्हें खुलेआम जान से मारने की धमकियाँ दे रहा है। प्रभात सिंह के अनुसार यमुना नदी का दिनदहाड़े शोषण हो रहा है, जहां बड़ी संख्या में ट्रकों को लगाकर लगातार अवैध खनन किया जा रहा है और नदी को अस्तित्व के संकट की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने 26 दिसंबर को पुलिस महानिदेशक, लखनऊ को एक विस्तृत प्रार्थना पत्र भेजा है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि चित्रकूट आने पर उन्हें न केवल जान से मारने बल्कि हत्या करवाने तक की धमकियाँ दी जा रही हैं, साथ ही अभद्र गालियाँ देकर डराने का प्रयास भी किया जा रहा है। प्रभात सिंह ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि जिस कंपनी द्वारा यह खनन किया जा रहा है, वह मात्र तीन करोड़ रुपये के टेंडर की आड़ में सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान पहुँचा रही है। इसके बावजूद अब तक पुलिस या प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई अथवा सुरक्षा व्यवस्था की कोई जानकारी सामने नहीं आई है, जिससे गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पूरा मामला अब केवल अवैध खनन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह कानून-व्यवस्था, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। प्रभात सिंह का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह संदेश जाएगा कि सच बोलने की कीमत भय और असुरक्षा है, और यही स्थिति लोकतंत्र व संवैधानिक अधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। इस संबंध में मऊ सर्किल ऑफिसर ने बताया कि इस घटना की मुझे जानकारी नहीं है, अगर ऐसा कोई मामला है तो पीड़ित को मेरे पास भेज दीजिए, मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क हादसों पर लगाम कसने को चित्रकूट में शुरू हुआ सुरक्षा प्रचार अभियान

**चित्रकूट।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 02 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन तहसील कर्वी क्षेत्र में प्रचार वाहन के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। कर्वी, बेडी पुलिया, सीतापुर शिवरामपुर, भरतकूप और बनकट रोड पर लोगों को यातायात नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व तथा सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी गई। वहीं एआरटीओ आरपी सिंह एवं यात्रीकर/मालकर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी द्वारा कार्यालय परिसर में ई-रिक्शा चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) रवि शंकर, विभागीय स्टाफ एवं आम जनमानस की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा को लेकर जिम्मेदारी और सतर्कता का संदेश दिया गया।

# नए साल में सहकारिता की दिशा तय करने सीएम योगी से मिले डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल

- नववर्ष पर सहकारिता संवाद
- बैंकिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने पर विचार

**अखंड भारत संदेश**




सीएम से शिष्टाचार भेंट करते डीसीबी चेयरमैन, ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी व अन्य

**चित्रकूट।** नववर्ष के शुभ अवसर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सहकारिता क्षेत्र में संचालित योजनाओं, बैंकिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को जिला सहकारी बैंक बांदा द्वारा अपनाई जा रही पारदर्शी कार्यप्रणाली, नवाचारों और ऋण वितरण व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में सहकारिता क्षेत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और बैंकिंग सेवाओं को किसानों व आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के बिंदुओं पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने सहकारिता क्षेत्र में निरंतर प्रयास जारी रखने का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर को सहकारिता क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शिष्टाचार भेंट के दौरान ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी समेत अन्य मौजूद रहे।

## सघन मत्स्य पालन योजना में लाभ पाने के लिए आवेदन 29 दिसंबर से 7 जनवरी तक

**चित्रकूट।** सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य स्तर पर सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 दिसंबर से 7 जनवरी 2026 तक विभागीय पोर्टल पर खोला गया है। इच्छुक मत्स्य पालक योजना का पूरा विवरण पोर्टल पर देख सकते हैं।

# जिले के शत्रुघ्न सिंह परिहार को मिलेगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवार्ड, पत्रकारिता को सम्मान

**अखंड भारत संदेश**



शत्रुघ्न सिंह परिहार को सम्मानित करते पत्रकारगण

**चित्रकूट।** प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन (अंतरराष्ट्रीय मीडिया संगठन) पेजा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह परिहार को उनकी उत्कृष्ट और निर्भीक पत्रकारिता के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 4 जनवरी को लखनऊ में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। श्री परिहार पिछले लगभग 20 वर्षों से मीडिया क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्होंने जनहित से जुड़े मुद्दों, अन्याय और जुल्म के खिलाफ लगातार अपनी लेखनी के माध्यम से आवाज उठाई है। उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि जनपद चित्रकूट के लिए भी गौरव का विषय मानी जा रही है। इस घोषणा के बाद जिले के पत्रकारों में खुशी की लहर है। वरिष्ठ पत्रकार राकेश चौधरी, सुखेंद्र अग्रहरि, शंकर प्रसाद यादव, निरंजन पांडेय, बीपी पटेल, शत्रुघ्न पाल सहित अनेक पत्रकारों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिले में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के निर्माण कार्य की समीक्षा, शीघ्र पूरा करने के निर्देश

- अनारम्भ निर्माण कार्य पर प्रशासन का दबाव
- डीएम ने लिखा अपर मुख्य सचिव को पत्र

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के अनारम्भ और अपूर्ण निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) और यूपीसीएण्डडीएस बांदा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में चल रहे निर्माण कार्यों जैसे एकेडमिक ब्लॉक, हास्टल ब्लॉक, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कम्प्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक की प्रगति पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीसीएण्डडीएस बांदा ने बताया कि मानिकपुर और चित्रकूट के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और वर्तमान में रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा है। अधिकारी यह भी बता रहे हैं कि अधिकतम 15 दिवस में विद्यालय का हैंडओवर कर दिया जाएगा। वहीं उच्चीकृत केजीबीवी मानिकपुर (रामपुर कल्याणगढ़) और मऊ ब के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ कानपुर की बैठक में अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराने के साथ अनारम्भ निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी निर्माण कार्यों को शासन की मंशा और गुणवत्ता के अनुसार समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, ताकि बालिकाओं के लिए सुरक्षित और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का वातावरण सुनिश्चित हो सके।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का छह माह का रोस्टर जारी, डीएम से एसडीएम तक तय हुई जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**

- हर तहसील में बदलेगा अध्यक्ष
- अफसरों की मौजूदगी अनिवार्य

**चित्रकूट।** जिले में आम जनमानस की शिकायतों के निस्तारण के लिए आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस को लेकर प्रशासन ने जनवरी 2026 से जून 2026 तक का विस्तृत रोस्टर जारी कर दिया है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि यह रोस्टर राजस्व अनुभाग-4, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेशों के क्रम में निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर समाधान दिवस आयोजित करने और वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत प्रथम और तृतीय शनिवार को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी स्तर के अधिकारी समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे, जबकि अन्य तहसीलों में उपजिलाधिकारी इसकी कमान संभालेंगे। जारी रोस्टर के अनुसार जनवरी माह की शुरूआत 5 जनवरी को होगी, जिसमें अवकाश के चलते तिथि में परिवर्तन किया गया है। इस दिन जिलाधिकारी कर्वी, मुख्य विकास अधिकारी मऊ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) मानिकपुर तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राजापुर में समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे। इसी प्रकार प्रत्येक माह अलग-अलग तहसीलों में अध्यक्षता का दायित्व बदला जाएगा, ताकि सभी क्षेत्रों में शिकायतों की सुनवाई सुनिश्चित की जा सके। फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई और जून माह के लिए भी स्पष्ट रूप से यह तय कर दिया गया है कि किस तिथि को कौन-सा वरिष्ठ अधिकारी किस तहसील में समाधान दिवस आयोजित करेगा। अवकाशों और त्योहारों को ध्यान में रखते हुए कुछ तिथियों में परिवर्तन भी किया गया है, जिसे रोस्टर में स्पष्ट रूप से दर्ज किया गया है। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि शासनादेश में उल्लिखित अनुसूची के अनुसार सभी संबंधित अधिकारी समाधान दिवस में रोस्टरवार अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें और प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करें।

## पेयजल आपूर्ति से हटाए गए 43 ओवरहेड टैंक, जनजीवन के लिए खतरे की आशंका

**चित्रकूट।** अधिशासी अभियंता ने बताया कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से शासन स्तर पर पिछले एक वर्ष में विभिन्न जनपदों से प्राप्त ओवरहेड टैंकों से जुड़ी घटनाओं और तकनीकी रिपोर्टों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस समीक्षा में जनपद चित्रकूट के कुल 43 ओवरहेड टैंक चिन्हित किए गए हैं, जिनकी डिजाइन आयु पूरी हो चुकी है और वर्तमान में उनका उपयोग पेयजल वितरण में नहीं किया जा रहा है। तकनीकी जांच के दौरान इन टैंकों की संरचनात्मक मजबूती असुरक्षित पाई गई है। मछरिहा, भरथौल, ठर्री, मनोहरगंज, रैपुरा, मारकुण्डी, बरहा कोटरा, मुरका, गाहुर सहित कई गांवों में स्थित ये ओवरहेड टैंक जर्जर अवस्था में हैं। अभियंता के अनुसार, इन टैंकों की स्थिति ऐसी है कि भविष्य में इनके गिरने या क्षतिग्रस्त होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता, जिससे जन-जीवन और आसपास की संपत्ति को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है, ताकि आवश्यक सुरक्षा एवं तकनीकी कार्यवाही को सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सके। किसी भी प्रकार की सूचना या आपात स्थिति में नागरिक उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## राजापुर में तेज रफ्तार बाइक का कहर, खेत जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**चित्रकूट।** जिले के राजापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। गनीवा चौकी अंतर्गत बहुरी दाई का डेरा के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने खेत जा रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में शिवधानी (55) पत्नी शिवसागर निवासी लोधौरा बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें पहले गनीवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से हालत गंभीर देख रेफर किया गया। सोनेपुर जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराते हुए बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है।

# राजापुर के अरछा बरेठी में 15 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज

**अखंड भारत संदेश**




प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथिगण

**राजापुर/चित्रकूट।** जनपद की तहसील राजापुर अंतर्गत ग्राम अरछा बरेठी में आयोजित 15 दिवसीय सुपर चैलेंज क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। सुबह प्रतिभागी टीमों और युवाओं ने गाजे-बाजे के साथ गांव में खेल शोभा यात्रा निकालकर माहौल को खेलमय बना दिया। इसके बाद दोपहर में आयोजित उद्घाटन समारोह में जिले के उद्यमी विनोद केसरवानी ने फीता काटकर और प्रतीकात्मक चौका लगाकर टूनार्मेंट की शुरूआत की। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और आयोजन मंडल को आर्थिक सहयोग देने की घोषणा कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मंच और मार्गदर्शन की है। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, समर्पण और मेहनत के साथ खेलने की अपील की। विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार सिंह ने खेल को बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार बताया, जबकि भाजपा नेता रामसागर चतुर्वेदी ने कहा कि खेलों को लेकर सरकार की विभिन्न योजनाएं युवाओं के लिए अवसर प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक शंकर प्रसाद यादव ने की। आयोजन समिति अध्यक्ष फूलचंद निषाद व मुख्य संयोजक अभिनंदन की अगुवाई में टूनार्मेंट का सफल आयोजन हो रहा है। संचालन त्रिभुवन सिंह एडवोकेट ने किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिससे क्षेत्र में खेल को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

# जंग, साज़िश, सियासत और अंतरिक्ष तक भारत: 2025 की वो घटनाएं जिन्होंने पूरी दुनिया को हिला दिया

**फ्रांस**

**2025** की वैश्विक और राष्ट्रीय घटनाओं ने यह साफ कर दिया कि दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है जहाँ युद्ध, कूटनीति, लोकतंत्र, आतंकवाद और तकनीक–सब एक-दूसरे से टकरा रहे हैं। कहीं अमेरिका ईरान के भूमिगत परमाणु ठिकानों पर बंकर बस्टर बम गिराता दिखा, तो कहीं 26/11 के गुनहगार तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण न्याय की लंबी लड़ाई का प्रतीक बना। भारत में वोटर वेरिफिकेशन से लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने की कोशिश हुई, वहीं नेपाल में जेन जी आंदोलन ने सत्ता के खिलाफ युवाओं की ताकत दिखाई। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का निजी पल वैश्विक सुर्खी बना, तो भारत के लिए शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष सफर गर्व का क्षण रहा। एयर इंडिया की भयावह दुर्घटना ने सुरक्षा पर सवाल खड़े किए, मोदी-पुतिन की सीक्रेट बातचीत ने भू-राजनीति को नई दिशा दी, और पहलगाम आतंकी हमले की तस्वीर ने इंसानियत को झकझोर दिया। ये घटनाएँ सिर्फ खबरें नहीं, बल्कि हमारे समय की सच्ची तस्वीर हैं।



**1. अमेरिका का ईरान पर बंकर बस्टर बम से हमला**

22 जून को अमेरिका ने ईरान पर मिसाइल हमला किया। इसमें ईरान के तीन बड़े परमाणु ठिकानों सहित अन्य स्थलों को निशाना बनाया गया। विभिार रिपोर्ट्स के अनुसार फोर्दो, नतांज व इस्फहान परमाणु केंद्रों में नुकसान हुआ। अमेरिका ने परमाणु क्षमताओं को टारगेट करने वाली कार्रवाई बताया। अमेरिका की तरफ से 14 गए अमेरिका ने इन हमलों में ईरान के भूमिगत शोध केंद्रों को टारगेट किया गया।

**2. तहव्वुर का प्रत्यर्पण**

9 अप्रैल को 26/11/2008 मुंबई हमले से जुड़े आरोपित तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया। उसे भारतीय जांच एजेंसी की हिरासत में सौंपा गया। 14 साल की लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद तहन्बुर को अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया। 2011 में दोषी ठहराया गया था।

**3. एसआईआर नौ राज्यों में वोटर्स का वेरिफिकेशन**

4 नवंबर को कई राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेसिव रिविजन (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें 51 करोड़ मतदाता आते हैं, 321 जिलों तथा 1,843 विधानसभा क्षेत्रों को कवर किया जा रहा है। 9 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में यह चल रहा है। इनमें यूपी, बंगाल, तमिलनाडु, केरल, मध्य प्रदेश आदि शामिल हैं।

**4. नेपाल का जेन जी आंदोलन**

9 सितंबर को नेपाल में युवाओं (जेन जी) ने 'नया नेपाल, नई सोच' के साथ प्रदर्शन शुरू किए। सोशल मीडिया से युवा संगठित हुए। 74 लोग मारे गए, इस जेन जी आंदोलन में 2,113 से ज्यादा लोग घायल हुए। 3500 से अधिक कैदियों को विभित्र जेलों से मुक्त करा दिया गया।

**5. मैक्रों और पत्नी ब्रिगिट के बीच प्लेन में ऐसा क्या हुआ?**

पति पत्नी के बीच के झगड़े तो सभी के घरों में होते रहते हैं। वहीं टीवी हो या फिर फिल्म आपको हसबैंड वाइफ के बीच की फाइटर के दृश्य नजर आ जाएंगे। लेकिन दुनिया एक ऐसे दृश्य से रूबरू हई जो काफी चर्चा में रही। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट ने इंटरनेट पर तब सनसनी मचा दी, जब दुनिया भर में उनका थप्पड़ कांड वायरल हो गई। यह सब हनोई हवाई अड्डे पर हुआ, जहाँ मैक्रों अपने दक्षिण-पूर्व एशिया दौरे की शुरूआत करने के लिए पहुँचे थे। लेकिन औपचारिक अभिवादन के बजाय, थप्पड़ ने सारी लाइमलाइट बटोर ली।

**6. शुभांशु का अंतरिक्ष वाला सफर**

आपको याद होगा साल 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा सोवियत संघ के शोयूज एयक्रॉफ़्ट के जरिए अंतरिक्ष में पहुंचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने थे। उनकी अंतरिक्ष यात्रा के करीब 41 साल बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में गए। अपने तीन हफ्ते के आईएसएस दौरे पर उन्होंने न सिर्फ कुछ अहम प्रयोगों को अंजाम दिया, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बात की। वह 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे।

**7. एयर इंडिया अक-171 दुर्घटना**

12 जून, 2023 को, एयर इंडिया का विमान अक-171 पश्चिमी भारत के अहमदाबाद से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप 241 यात्रियों सहित 260 लोगों की मौत हो गई। अअक्ह की एक प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के ईंधन इंजन के स्विच उड़ान भरने के बाद लगभग एक साथ "रन" से कटऑफ पर स्विच हो गए। अमेरिकी अधिकारियों के शुरूआती आकलन के अनुसार, कॉकपिट की आवाज की रिकॉर्डिंग से पता चलता है कि कैप्टन सभरवाल ने इंजनों में ईंधन का प्रवाह बंद कर दिया था।

**8. मोदी-पुतिन की कार में सीक्रेट टॉक**

चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान अपनी रूसी निर्मित ऑरस लिमोजिन कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी थी। दोनों की कार में बैठे तस्वीर काफी चर्चा का विषय बनी थी। रूसी राष्ट्रपति ने कार में सवार होने से पहले मोदी के आने का लगभग 10 मिनट तक इंतजार किया। बैठक स्थल तक पहुँचने में लगभग 15 मिनट लगे, लेकिन उन्होंने अपनी बातचीत जारी रखने के लिए कार में 45 मिनट और बिताए।

**9. जम्मू-कश्मीर का पहलगाम**

22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च कर पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। पहलगाम, जहां पिछले महीने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी। आतंकी पति को मारते हुए पत्नी को छोड़ते हुए कहता है कि मोदी से जाकर बताना। इस पूरी घटना में एक तस्वीर पूरी दुनिया में वायरल रही। इसमें एक नवविवाहित पत्नी आतंकी हमले में जान गंवाने वाले अपने पति के शव के पास बैठी रो रही है।

# 2026 में टूटेगा पश्चिमी दबदबा



**अमेरिका**

**जब** हाशिये पर स्थित देश केंद्र की भाषा बोलने लगते हैं, तो वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव आता है। 2026 वह वर्ष है जब भारत 1 जनवरी से ब्रिक्स (दस देशों का एक अंतर-सरकारी संगठनः ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात) की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। औपचारिक रूप से, भारत एक वर्ष के लिए, यानी 31 दिसंबर, 2026 तक, इस जिम्मेदारी को निभाएगा। हालांकि, इसे केवल एक कैलेंडर-आधारित जिम्मेदारी के रूप में देखना संकीर्ण सोच होगी। भारत की अध्यक्षता केवल एक नियमित राजनयिक प्रक्रिया नहीं है; यह सभ्यतागत और भू-राजनीतिक नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। भारत इस जिम्मेदारी को ऐसे समय में ग्रहण कर रहा है जब वह वैश्विक शक्ति के खेल में अब केवल एक दर्शक नहीं है, बल्कि नियम बनाने की स्थिति में है।

**वैश्विक आर्थिक संतुलन में बदलाव**

ब्रिक्स समूह अमेरिका जैसी शक्तियों के संरक्षणवाद और एकतरफा टैरिफ नीति के सामने एकजुटता दिखा रहा है। रियो डी जेनेरियो में बीते दिनों हुए समिट में देशों ने साफ किया कि वे वैश्विक व्यापार में खुलापन बनाए रखना चाहते हैं और संरक्षणवाद का विरोध करेंगे। वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने, फंडिंग स्रोतों में विविधता लाने और न्यू डिवलपमेंट बैंक के विस्तार पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा लोकल करेंसी में व्यापार, इंटिग्रेटेड पेमेंट सिस्टम जैसे उपायों पर चर्चा की जाएगी, जो डॉलर पर निर्भरता कम करने की दिशा में आते हैं। ब्रिक्स और ब्रिक्स प्लस देश कृषि, खाद्यान्न सुरक्षा, सप्लाई चेन और तकनीक ट्रांसफर जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाकर ग्लोबल साउथ को मजबूत बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसका मकसद वैश्विक आर्थिक संतुलन में बदलाव लाना है।

**कभी ब्रिक्स का उड़ाया था मजाक**

वो दौर बीत चुका है जब पश्चिमी मीडिया ब्रिक्स को "एक ढीला-ढाला समूह" कहकर उपहास उड़ाता था। अब यह समूह केवल ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका तक सीमित नहीं है।

# मिनेसोटा को दी जाने वाली बाल देखभाल निधि को रोके जाने की घोषणा की

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने मिनेसोटा को दी जाने वाली बाल देखभाल से जुड़ी धनराशि को हाल के वर्षों में सामने आए धोखाधड़ी की कई योजनाओं के मद्देनजर रोकने की घोषणा की। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के उप मंत्री जिम ओ नील ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह कदम खुलेआम हो रही उस धोखाधड़ी को रोकने के लिए उठाया गया है जो मिनेसोटा और पूरे देश में व्यापक रूप से फैली हुई



प्रतीत होती है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मिनेसोटा के गवर्नर टिम वॉल्ज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि धोखाधड़ी एक गंभीर मुद्दा हैं जिस पर राज्य ने वर्षों से नकेल कसने का प्रयास किया है लेकिन यह कदम ट्रंप की सुनियोजित चाल के तहत उठाया गया है।

वॉल्ज ने कहा कि ट्रंप इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर मिनेसोटा के लोगों की सहायता के लिए दी जाने वाली धनराशि रोकना चाहते हैं। ओ नील ने एक दक्षिणपंथी सोशल मीडिया इन्फ्ल्यूंसर का भी उल्लेख किया, जिसने शुक्रवार को एक वीडियो पोस्ट कर आरोप लगाया था कि मिनियापोलिस में सोमाली समुदाय द्वारा संचालित डे-केयर केंद्रों में करीब 10 करोड़ डॉलर तक की धोखाधड़ी हुई है।

# बांग्लादेश को हाथों-हाथ दिया मोदी का सीक्रेट

**ढाका**

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने ढाका में बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की और उनकी माता, पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन पर भारत की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। एक पोस्ट में उन्होंने बताया कि ढाका पहुंचने पर, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के पुत्र और बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक निजी पत्र तारिक रहमान को सौंपा। जयशंकर ने कहा कि मैंने उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निजी पत्र सौंपा। मैंने भारत सरकार और जनता की ओर से गहरी



संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने खालिदा जिया की विरासत और द्विपक्षीय संबंधों के लिए इसकी प्रासंगिकता पर भी विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें विश्वास है कि बेगम खालिदा जिया की दूरदृष्टि और मूल्य हमारी साझेदारी के विकास का मार्गदर्शन करेंगे। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने कहा कि जयशंकर ने ढाका यात्रा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर बांग्लादेश के शोक में भारत की जनता और सरकार की ओर से संवेदना व्यक्त की।

एक्स पर एक पोस्ट में हामिदुल्लाह ने कहा कि जयशंकर ने लोकतंत्र में खालिदा जिया के योगदान को स्वीकार किया और आगामी फरवरी 2026 के चुनावों के माध्यम से बांग्लादेश के लोकतांत्रिक परिवर्तन के बाद द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के बारे में आशा व्यक्त की। दुनिया भर से श्रद्धांजलि का तांता लगा रहा, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का पार्थिव शरीर उनके गुलशन स्थित आवास फि रोजा में पहुंचा, जहां परिवार के सदस्यों और करीबी रिश्तेदारों ने नमाज-ए-जनाजा से पहले उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी।

# इजराइल से पहली बार हुई होश उड़ाने वाली गलती!

**इजराइल**

**इजरायल** में अचानक एक ऐसा बवाल शुरू हुआ है जो यहूदियों के लिए तबाही का कारण बन सकता है। इजरायल के कई रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों, पत्रकारों और हजारों लोगों ने अपनी ही सरकार से एक बहुत बड़ी मांग की है। इन सभी ने एक ही स्वर में कहा है कि हमें पाकिस्तान को रोकना होगा। पाकिस्तानियों को हमारी जमीन पर कदम रखने से रोकना होगा। हजारों इजरायलियों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप ने अपने फायदे के चक्कर में पाकिस्तान जैसा वायरस इजराइल पर छोड़ दिया है। दरअसल, इजरायल के लोगों ने कहा है कि गाजा में पाकिस्तानी सैनिकों की एंट्री नहीं होनी चाहिए। इजरायली एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह ऐसी चूक होगी जिसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजराइल के लोगों ने अपनी सरकार से कहा है कि हमें पाकिस्तानियों पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

# दनादन हर तरफ रॉकेट दाग रहा था चीन, तभी ताइवान ने जारी किया ऐसा वीडियो

**चीन**

**ताइवन** को हड़पने की चीन की पुरानी मंशा रही है और पूरी दुनिया इस बात से वाकिफ भी है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने ताइवान के चारों ओर व्यापक स्तर पर लाइव फायर ड्रिल्स किए हैं। चीन की यह वॉर एक्सरसाइज एक छोटे से मुल्क ताइवान को डराने के लिए फाइटर जेट्स ड्रोन रॉकेट के जरिए आसमान से लेकर समंदर तक चीन बताना चाहता है कि उसने ताइवान के ऊपर हमले का प्लान तैयार किया। चीन दुनिया को दिखा रहा है कि अमेरिका की मदद भी ताइवान के काम नहीं आने वाली। ताइवान को पांच तरफ से घेरते हुए चीन ने सैन्य अभ्यास किया और नाम दिया जस्टिस मिशन 2025। चीन की सेना का कहना यह कि उसका शक्ति प्रदर्शन ताइवान की अलगाववादी ताकतों और



बाहरी देशों के दखल के खिलाफ चेतावनी है। चीन के इस युद्धाभ्यास की वजह अमेरिका ताइवान के बीच हथियार डील है। चीन ताइवान को अमेरिका से मिलने वाला 11 अरब डॉलर के हथियारों से भड़का है और इसलिए युद्धाभ्यास करके वह ताइवान को डरा रहा है। ताइवान चीन से सिर्फ 160 किमी और जापान से 110 किमी दूर एक द्वीप है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उस पर किसी भी कब्जे का विरोध करता है। इन सब के बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने चीन के बढ़ते खतरों के बीच अपनी सैन्य तैयारियों से जुड़ा हुआ वीडियो जारी किया है। साथ ही एक बड़ा संदेश भी दिया है। इस संदेश में ताइवान ने कहा कि ताइवान में रहना स्वतंत्रता, लोकतंत्र और शांति का आनंद लेने जैसा है। हमारा सिद्धांत लोगों के जीवन को सामान्य बनाए रखना और उन्हें हर खतरे से बचाना है, जिसके साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे।

अमेरिकी नौसेना संस्थान के फ्लीट एंड मरीन ट्रैकर के नवीनतम अपडेट के अनुसार, निमित्ज श्रेणी का विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन, जो उसके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का प्रमुख पोत है, नियमित अभियानों के लिए दक्षिण चीन सागर में प्रवेश कर चुका है। यूएसएस लिंकन ने नवंबर के अंत में सैन डिएगो से रवाना होने के बाद 11 दिसंबर को गुआम नौसेना बेस पर संक्षिप्त विश्राम किया। इसके बाद विमानवाहक पोत ताइवान के दक्षिण-पूर्व में फिलीपीन सागर से होते हुए दक्षिण चीन सागर में प्रवेश किया। इस सप्ताह जारी की गई अमेरिकी नौसेना की हालिया तस्वीरों में मरीन फाइटर अटैक स्क्वाड्रन 314 के एफ-35सी लाइटनिंग क्क्स्टील्थ लड़ाकू विमानों को यूएसएस अब्राहम लिंकन से उड़ान भरते और वापस लौटते हुए दिखाया गया है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

**प्रबन्धक**

अनूप मिश्रा

**ऑफिस मो.:**

9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# अभिनंदन पर पाक की पोल खोलने वाले नेता के जब सामने आए जयशंकर, किया कुछ ऐसा, हर तरफ चर्चा

**पाकिस्तान**

**पुलवामा** अटैक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में जबा टॉप पर जैश ए मोहम्मद के ठिकानों पर हवाई हमले किये। 27 फरवरी को पाकिस्तान एयर फोर्स ने इसका जवाब देने की कोशिश की। तब एफ 16 को एक मिग 21 से गिराने वाले विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान 60 घंटे पाकिस्तान की कस्टडी में रहकर सकुशल देश लौटे और उन्हें वीर चक्र दिया गया। लेकिन ठीक उसी वक्त पाकिस्तान में घटित घटनाक्रम का जिक्र शहबाज शरीफ के करीबी ने कर पाकिस्तान के कांपती टांगों की कहानी खोल कर रख दी थी। पीएमएल-एन के सांसद सादिक ने बताया कि उस बैठक में विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने



कहा था कि खुदा के वास्ते भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर अभिनंदन को जाने दें। अगर अभिनंदन की रात नौ बजे तक रिहाई नहीं हुई तो भारत हमला कर देगा। वैसे तो इस घटना के छह साल गुजर चुके हैं। लेकिन अभी इसी नेता के सामने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर आए। जिसके बाद इसकी चर्चा हर ओर हो रही है।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ढाका आए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष अयाज सादिक से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने साझा कीं। तस्वीर के कैप्शन में लिखा था, पाकिस्तान की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक ने बुधवार को ढाका में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार से पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अभिवादन का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आज ढाका पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने उनके दौरे से पहले एक संक्षिप्त बयान में कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी की अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत सरकार और जनता का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे तदनुसार 31 दिसंबर 2025 को ढाका का दौरा करेंगे। सरदार अयाज सादिक को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के करीबी नेताओं में गिना जाता है। यही कारण है कि शहबाज शरीफ ने उन्हें संसद के स्पीकर की कुर्सी पर बैठाया है।

**खालिदा जिया का लंबी बीमारी के बाद निधन**

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया का मंगलवार सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने पुष्टि की कि ढाका के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान सुबह 6 बजे उनका निधन हो गया। जिया को 23 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और हृदय और फेफड़ों में संक्रमण के कारण 36 दिनों तक उनका इलाज चला। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री कई वर्षों से कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं, जिनमें लिवर सिरोसिस, गठिया, मधुमेह और गुर्दे, फेफड़े, हृदय और आंखों से संबंधित जटिलताएं शामिल थीं।